आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* शिव चतुर्दशी व्रत
* मंगला गौरी व्रत

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 11 | इंदौर, मंगलवार 11 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बंगाल के जलपाईगुड़ी में किसान का अपहरण

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में 35 साल के चाय किसान दीपांकर गोप के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना शनिवार को भारत-बांग्लादेश सीमा के पास राजगंज ब्लॉक के कुकुरजान इलाके के एक चाय बागान में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिवार का आरोप है कि करीब 20 बांग्लादेशी बदमाश अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर चाय बागान में पहुंचे और दीपांकर को जबरन अपने साथ बांग्लादेश के पंचगढ़ जिले में ले गए। परिवार का दावा है कि इसी हफ्ते सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश नाकाम हुई थी। इसके बाद बदला लेने के लिए दीपांकर का अपहरण किया गया। अपहरण के बाद इरऋमौके पर पहुंची और दीपांकर की रिहाई की कोशिश शुरू की।

### नौकरानी से मारपीट में कारोबारी की पत्नी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के बड़े कारोबारी की पत्नी को मेड से मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला गोल्फ कोर्स रोड स्थित अल्ट्रा लग्जरी सोसाइटी द कैमेलियाज के एक फ्लैट का है। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें कारोबारी की पत्नी किचन में मेड से मारपीट करती हुई दिख रही है। उसने मेड का मुंह दबा दिया और उसके बाल भी खींचे। दूसरे फ्लैट से किसी व्यक्ति ने इस वीडियो को रिकॉर्ड किया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुशांत लोक थाने में मामला दर्ज किया। जिस फ्लैट में मेड के साथ मारपीट हुई, उसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

### छात्रों पर विवादित बयान देने वाला केरलम का यूट्यूबर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केरलम पुलिस ने सोमवार को यूट्यूबर टीजी मोहनदास को गिरफ्तार कर लिया। उन पर नीट पेपर लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को लेकर विवादित बयान देने का आरोप है। पुलिस ने जांच के लिए डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, मोहनदास ने 24-25 जुलाई को यूट्यूब चैनल पथरिका पर वीडियो अपलोड किए थे। मोहनदास बीजेपी के बौद्धिक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रमुख रहे हैं। मोहनदास ने वीडियो में कहा- 'जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन में 'गैंगरेप की घटनाएं हो सकती हैं', लेकिन इसकी कोई शिकायत नहीं होगी क्योंकि प्रदर्शन में शामिल होने वालों को रेप पसंद है और कुछ लड़कियां हैं जो रेप का आनंद लेती हैं।'

### शहनाज गिल के साथ शूटिंग के दौरान हादसा



#### गलती से निगल गईं नाक की नथनी; सह-कलाकार सौरभ सचदेवा ने आकर संभाला

**मुंबई।** एक्ट्रेस शहनाज गिल एक प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान हादसे का शिकार हो गईं। सेट पर दौड़ते समय उनकी नाक की नथ अचानक मुंह में चली गई, जिसे वे गलती से निगल गईं। शहनाज ने इस पूरी घटना का एक बिहाइंड द सीन्स वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। हालांकि इस घटना के बाद भी शहनाज ने अपनी शूटिंग रोकी नहीं और काम पूरा किया। शहनाज गिल की ओर से शेयर किए गए वीडियो में वे सेट पर एक सीन के लिए दौड़ती नजर आ रही हैं। दौड़ते समय अचानक उनकी नाक की नथ निकलकर मुंह के अंदर चली जाती है। इसके बाद शहनाज खुद को संभालने की कोशिश करती हैं और उल्टी करने का प्रयास करती हैं। स्थिति बिगड़ते देख सेट पर मौजूद एक्टर सौरभ सचदेवा तुरंत दौड़कर उनके पास आते हैं और उनकी पीठ थपथपाकर उनकी मदद करते हैं। नाक की नथ निगलने की घटना के बाद भी शहनाज ने सेट पर पैनिक नहीं किया। उन्होंने स्थिति को संभाला और कुछ देर बाद ही दोबारा शूटिंग शुरू कर दी। शहनाज का काम के प्रति यह समर्पण देखकर उनके सह-कलाकारों और क्रू मेंबर्स ने भी उनकी हिम्मत की तारीफ की।

### नैनो न्यूज

- **लोकसभा से ट्रिब्यूनल बिल पास –** लोकसभा ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स बिल-2026 पारित किया।
- **एफसीआरए बिल पर सस्पेंस –** मानसून सत्र के अंतिम दिनों में एफसीआरए और परिसीमन से जुड़े विधेयकों पर सरकार की रणनीति पर नजर।
- **राहुल गांधी का सरकार पर हमला –** राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर तीखा राजनीतिक हमला बोला।
- **असम बाढ़ में मृतक संख्या 100 –** असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और मृतकों की संख्या 100 तक पहुंचने की खबर है।
- **दिल्ली में बारिश का असर –** दिल्ली में अगस्त के पहले आठ दिनों में ही सामान्य मासिक बारिश का आंकड़ा पार हो गया।
- **कई राज्यों में भारी बारिश अलर्ट –** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, विदर्भ समेत कई क्षेत्रों में मानसून सक्रिय है और भारी बारिश की चेतावनी जारी है।

बारिश की स्थिति में भी जमकर डटे रहे भगवान के दर्शनों को श्रद्धालु

## पालकी में चंद्रमौलेश्वर,नए मादा हाथी सूमा पर निकले मनमहेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



श्री महाकालेश्वर भगवान की श्रावण मास की दूसरी सवारी में सोमवार को भगवान चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पालकी में सवार होकर निकले। नए मादा हाथी सूमा पर भगवान के मनमहेश स्वरूप को विराजित कर निकाला गया। भगवान के दो रूपों के दर्शन के लिए हल्की बारिश के बाद भी जमकर श्रद्धालु मार्ग के दोनों और जमे हुए थे।

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को अपरांह 4 बजे भगवान श्री महाकालेश्वर की दूसरी सवारी में भगवान के दो स्वरूपों के दर्शन श्रद्धालुओं को हुए हैं। मंदिर के सभा कक्ष में भगवान के स्वरूप का पूजन अर्चन पं.घनश्याम शर्मा ने किया। इसके उपरांत भगवान चंद्रमोलेश्वर को रजत पालकी में सवार कर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पंडितों ने पालकी को कांधा देते हुए नगर भ्रमण के लिए प्रस्थित किया। परंपरागत मार्ग से होती हुई सवारी रामघाट पहुंची यहां भगवान का मोक्षदायिनी शिप्रा के जल से अभिषेक किया गया।

### सूमा की पहली सवारी



मादा हथनी सूमा भगवान श्री महाकालेश्वर की श्रावण झभादौ मास में निकलने वाली सवारी में पहली बार सोमवार को शामिल हुई। इसके पहले पिछले 9 वर्षों से श्यामू मादा हथनी भगवान श्री मनमहेश की सवारी को लेकर निकलती थी। उसके अनफिट होने की स्थिति में सूमा का वाक टेस्ट लिया गया था। क्लिनिकली टेस्ट के बाद उसे सवारी में शामिल किया गया। पहली सवारी में ही सूमा ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। उसने महावत के आदेशों पर श्रद्धालुओं को जय महाकाल का जवाब दिया और नमस्कार का भी जवाब दिया। यह मादा हथिनी खाक चौक निर्मोही अखाडा महंत महेशदास निर्मोही के नाम से वन विभाग में दर्ज है और इसे दो साल पहले ही तमिलनाडू के त्रिचीरापल्ली के मंदिर से दान में यहां लाया गया है।

खुशखबर...कलियासोत, केरवा-कोलार में बढ़ा पानी

## भोपाल में निचली बस्तियां डूबीं

### भोपाल में 24 घंटे में 7 इंच बारिश, पेड़ गिरे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राजधानी भोपाल में पिछले 24 घंटे में करीब 7 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। इस सीजन में पहली बार इतना पानी गिरा। वहीं, साल 2025 में पूरे अगस्त महीने में गिरे 5 इंच से 2 इंच ज्यादा है। राहत लेकर आई बारिश आफत भी बन गई। पुराने शहर के 50 से ज्यादा इलाके जलमग्न हो गए। बैरसिया रोड बंद हो गया। कई पेड़ भी गिरे।

भोपाल में शनिवार रात से बारिश शुरू हो गई थी, जो सोमवार दोपहर तक रुक-रुककर कभी तेज तो कभी हल्की हो रही है। लंबे समय बाद हुई बारिश की वजह से कोलार रोड, नारियलखेड़ा, शिव नगर, करोंद, बैरसिया रोड, गांधी नगर, होशंगाबाद रोड, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड, बैरागढ़ समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया।



#### भोपाल के डैमों में बढ़ा पानी

भोपाल में लगातार बारिश होने की वजह से जलस्त्रोतों में भी अच्छा पानी आ गया है। जानकारी के अनुसार, कलियासोत डैम में 1 फीट, केरवा में 3 फीट और कोलार डैम में 1 फीट पानी की बढ़ोतरी हुई है।

#### उफनते नाले के बीच गर्भवती को अस्पताल पहुंचाना पड़ा

सीहोर में उफनते नाले के बीच गर्भवती को अस्पताल पहुंचाना पड़ा। ब्यावरा के रेलवे अंडरपास में पानी भरने से 25 गांवों का संपर्क टूट गया। मंडला में नर्मदा उफान पर आने से 7 परिवारों को रेस्क्यू किया गया है। रायसेन, शाजापुर, विदिशा और उमरिया में पानी रिहायशी इलाकों और बाजारों तक पहुंच गया।

### रैगिंग से परेशान जूनियर डॉक्टर ने सुसाइड किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सूरत

गुजरात में सूरत के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में पढ़ाई कर रहे फर्स्ट ईयर के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या ने रैगिंग से परेशान होकर रविवार को सुसाइड कर लिया। कॉलेज के चार सीनियर अनुज महेश्वरी, दीक्षित धेवरिया, निराली वसावे और हिनाबेन भूत पर रैगिंग का आरोप लगा है। कॉलेज प्रशासन ने इन्हें 6 महीनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें हॉस्टल खाली करने का भी आदेश दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को चारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई है। साथ ही एचओडी और तीन फैकल्टी सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित स्टूडेंट गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज से जुड़े न्यू सिविल हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में काम करता था।

### एमपी में बनेंगी राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल की तीन बटालियन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मध्यप्रदेश में औद्योगिक संस्थानों और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ) की तीन बटालियन गठित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को भोपाल के रवीन्द्र भवन में पुलिस विभाग की नई भर्तियों और पदोन्नतियों को लेकर आयोजित आभार प्रदर्शन समारोह में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तीन में से एक बटालियन खंडवा में बनाई जाएगी, जबकि दो अन्य बटालियनों के स्थान बाद में तय किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल में विशेष रूप से प्रदेश के अति पिछड़े जनजातीय समूहों को अवसर देने के लिए बैगा, भारिया और सहरिया की कंपनियां गठित की जाएंगी। इन कंपनियों में इन समुदायों के युवाओं को शामिल किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस विभाग में लगातार नए पदों की स्वीकृति और भर्ती के साथ बल को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की पदोन्नति का रास्ता अब खुल गया है और आगे भी पात्रता के आधार पर पदोन्नतियां होती रहेंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल की तीन बटालियन बनाई जाएंगी। इनमें से एक बटालियन खंडवा में गठित करने की घोषणा उन्होंने मंच से की। दो अन्य बटालियनों का स्थान बाद में घोषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए इस बल को मजबूत किया जाएगा।

यूपी में गंगा का पानी हाईवे पर आया

### झालावाड़ के स्कूल में पानी घुसा, बच्चों का रेस्क्यू

एजेंसी ▸▸ जयपुर/नई दिल्ली

राजस्थान के जयपुर स्थित कानोता और झालावाड़ का कालीखाड़ डैम ओवरफ्लो हो गया है। झीकनी गांव के स्कूल में पानी भर गया। यहां फंसे 30 विद्यार्थियों को गांव के लोगों की मदद से रेस्क्यू किया गया।

बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में रविवार रात सड़कों पर 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। बाड़मेर में भी सड़कें लबालब हो गईं। रेलवे स्टेशन, सब्जी मंडी, हॉस्पिटल रोड समेत प्रमुख इलाकों में 2 से 4 फीट तक पानी भर गया। कई जगह दुकानों और घरों में भी पानी घुस गया।



यूपी में गंगा-यमुना समेत 10 नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फरुर्खाबाद-बिजनौर में गंगा नदी का पानी हाईवे के ऊपर बह रहा है। कई सड़कें डूब गई हैं। 40 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। लोग सड़कों पर टेंट लगाकर रह रहे हैं। काशी में सभी 84 घाटों को जोड़ने वाले रास्ते जलमग्न हो गए हैं।

## जंतर-मंतर पर फायरिंग का आदेश किसने दिया-राहुल

### रिजिजू बोले- शाह संसद में जवाब देंगे, विपक्ष को सुनना पड़ेगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक बार फिर जंतर-मंतर प्रदर्शन पर हुए लाठीचार्ज का मुद्दा उठाया।

राहुल ने सवाल किया कि लाठीचार्ज का आदेश किसने दिया। इसका जिम्मेदार कौन है, वो सामने आए। गृह मंत्री सदन में आकर बयान दें। राहुल ने कहा कि विपक्ष की तीन मांगें हैं। पहली- युवाओं पर गोली चलाने की जिम्मेदारी स्पष्ट हो। दूसरी- प्रधानमंत्री घटना के लिए माफी मांगें और तीसरी- राम मंदिर में चोरी के मुद्दे पर चर्चा हो।




उधर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में कहा कि शाह सदन में विस्तार से जवाब देंगे लेकिन विपक्ष को भरोसा देना होगा कि वह बहस से भागेगा नहीं। उन्हें गृहमंत्री का जवाब बिना हंगामा किए सुनना पड़ेगा। हालांकि शाह कब बोलेंगे, रिजिजू ने इसकी जानकारी नहीं दी है। कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी किया और 12 अगस्त तक सदन में मौजूद रहने का आदेश दिया। लोकसभा में चार अहम बिल पेश किए गए। इनमें ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म्स बिल, 2026, माइंस एंड मिनरल्स डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन अमेंडमेंट बिल, 2026 शामिल हैं। लोकसभा ने ट्रिब्यूनल्स रिफॉर्म्स बिल, 2026 को बिना चर्चा के पारित कर दिया। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा की कार्यवाही 11 अगस्त को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक को इलाज के लिए विदेश जाने की मंजूरी दी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को आंखों के इलाज के लिए तीन हफ्ते के लिए विदेश जाने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा कि हर व्यक्ति को विदेश जाने और अपनी पसंद का इलाज चुनने का अधिकार है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी, जिसमें उनके विदेश जाने पर लगी रोक से जुड़ी राहत देने से इनकार किया गया था।

### झारखंड विधानसभा गेट के पास पहुंचे आंदोलनकारी छात्र

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड के रांची में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में धांधली के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हजारों छात्र बैरिकेडिंग तोड़ विधानसभा गेट के पास पहुंच गए। छात्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

कई बार पुलिस और छात्रों के बीच झड़प की नौबत आई। दो-तीन बार लाठीचार्ज करना पड़ा। कुछ छात्रों के सिर पर चोटें आई हैं। प्रदर्शनकारियों ने भी पुलिस पर पानी की बोतलें और चप्पलें फेंकीं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, झारखंड में विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ बल प्रयोग गलत है। छात्रों को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार है और बातचीत से ही समाधान निकल सकता है।

शंघाई में 150 साल में सबसे ज्यादा बारिश

## 150 किमी की रफ्तार से टकराया डॉल्फिन तूफान

### चीन में 10 लाख लोग सुरक्षित जगह पहुंचाए गए

एजेंसी ▸▸ बीजिंग



जापान में तबाही मचाने के बाद डॉल्फिन तूफान अब चीन पहुंच गया है। रविवार देर रात इसने पूर्वी चीन के तटीय इलाकों में दस्तक दी। उस समय इसकी रफ्तार करीब 150 किमी प्रति घंटे थी।

इसके बाद कई शहरों में तेज बारिश शुरू हो गई। सबसे ज्यादा असर शंघाई में दिखा, जहां पिछले 150 साल में सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। चीनी अधिकारियों के मुताबिक, खतरे को देखते हुए 10 लाख से ज्यादा लोगों को पहले ही सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया था। चीनी मीडिया के मुताबिक अब तूफान कमजोर पड़ रहा है। इसलिए चीन की मौसम एजेंसी ने चेतावनी का स्तर घटा दिया है। हालांकि, लगातार बारिश की वजह से बाढ़ आने का खतरा बना हुआ है।

#### 943 उड़ाने रद्द की गई, लोकल ट्रेन भी बंद

शंघाई में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। शहर के दो प्रमुख एयरपोर्ट पर सोमवार को 943 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। दक्षिण-पश्चिम चीन के चेंगदू से रविवार को शंघाई जा रही एक फ्लाइट बारिश के कारण शंघाई में लैंड नहीं कर सकी। विमान को कुछ देर शंघाई के ऊपर चक्कर लगाने के बाद बीजिंग डायवर्ट कर दिया गया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

# साहब का ट्रेरर

बचपन में मास्टर साहब गलती पर डांटते थे और गलत को सही तरीके से करके बताते थे और पूछते थे अब समझ आया? उसके बाद गलती करने वाले को सही और गलत की समझ होती थी। वर्तमान में परिदृश्य परिवर्तित हो गया है। गलत बताने वाले तो हैं लेकिन उसे सही करके गलत क्या हुआ था ये बताने वाले कम ही हैं। ग्रामीण विकास विभाग में साहब का ट्रेरर गजब का है। साहब उनके समक्ष पहुंचने वाले विभागीय अधिकारियों एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को गलती निकाल कर जमकर सबके सामने ही डपटते हैं और उसमें भी एक से एक पदवी देने से भी नहीं चुकते हैं। ऐसे में अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर ट्रेरर हावी होता जा रहा है। अब तो उनके कक्ष में जाने से पहले ही विभागीय अधिकारी ही नहीं अन्य अधिकारी भी पहले से ही चिंता में पड़ जाते हैं कि कहीं गलती हो गई तो जमकर डांट तो पड़ेगी लेकिन सही क्या है इसकी जानकारी भी नहीं मिल सकेगी। डांट खाने के बाद भी दिमाग में सही को ढूंढने के फेर में संबंधित उसी विचार में गोते लगाते रहता है साथ ही इससे अवसाद की स्थितियां भी बढने की संभावना बराबर प्रबल होने लगी है। विभागीय स्तर पर भी साहब के स्वभाव को लेकर अधिकारी ही नहीं कर्मचारी भी खौफ खाने लगे हैं कमल के तालाब के नजदीक वाला कार्यालय अब अधिकारियों के दिमाग में खौफ केंद्र के रूप में घर करता जा रहा है। इधर का रूख करते ही अधिकारी पहले से ही डांट खाने के लिए मानसिक रूप से तैयार होकर जाने लगे हैं। डांट खाकर आने वाले अधिकारी कहते हैं कि गलत तो बता दिया जाता है लेकिन सही क्या और कैसे होगा ये नहीं बताया जाता है। वहां से आने के बाद में सही की खोज उस सत्य की खोज बनकर दिमाग में दौडने लगती है जो इधर-उधर तलाशने पर भी नहीं मिल पाता है। खुसूर-फुसूर है कि इसी तरह से ट्रेरर के साथ गलती सामने आती रही और सही की स्थिति नहीं बताई गई तो प्रताड़ना केंद्र जाने से पहले अधिकारी उसी तरह से जाएंगे जैसे किसी आम आदमी को आकस्मिक तौर पर अगर किसी वर्दी केंद्र से बुलावा आ जाता है तो वह सबसे पहले किसी प्रभावी के पास पहुंचकर फोन लगवाता है। फरियाद लिखवाने के लिए भी किसी न किसी का सहारा लेता है। वर्दी केंद्र में तो फिर भी इस पर थोड़ी बहुत राहत की स्थिति बन जाती है लेकिन यहां के कद्दावर साहब के सामने तो वो भी बेकार ही साबित होगा।

## न्यूज कॉलम

### जनविश्वास अभियान अंतर्गत निरीक्षण

**उज्जैन।** संभागायुक्त आशीष सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज बामोरा क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन का जनविश्वास अभियान के अंतर्गत निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्वास्थ्य केंद्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान, आंगनवाड़ी केंद्र एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप स्वास्थ्य केंद्र बामोरा का निरीक्षणसंभागायुक्त एवं कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र बामोरा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया।

## नैनो न्यूज

- महामंडलेश्वर भागवतानंद ने बताया पंचाक्षर मंत्र का महत्व, सुदामा नगर में अच्छी वर्षा व विश्व कल्याण के लिए हुए 5.51 लाख जाप
- शांतिनाथ धर्मशाला में अवंती कार्निवल का शानदार आयोजन, उमड़े हजारों शहरवासी, देशभर से आए व्यापारियों ने लगाए 35 स्टॉल,
- श्रावण मास में महाकाल स्मरणः महाकालेश्वर मंदिर का एक दशक का सफर, उतार-चढ़ाव और भाजपा शासन का योगदान
- कोरोना काल से बंद क्षिप्रा गंगा आरती मौनतीर्थ घाट पर फिर शुरू, अब श्रद्धालु प्रतिदिन शाम 6:30 बजे काशी की गंगा आरती की तर्ज पर मां क्षिप्रा की आराधना कर सकेंगे।
- महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ और वेणुनाद निनाद संस्थान के आयोजन में प्राप्त किया प्रथम स्थान
- विकास कार्यों की भेंट चढ़ रहे पेड़ों की भरपाई के लिए कार्यकताओं ने रोपे नए पौधे

## ट्रेंडिंग




### मादा श्यामू के वन्यजीव विशेषज्ञों के अनफिट बताने की स्थिति

# सवारी के लिए मादा हथिनी सूमा का हुआ वाक टेस्ट, शामिल होना तय

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

भगवान श्री महाकालेश्वर की सोमवार को श्रावण मास की दूसरी सवारी निकलेगी। इस सवारी में हाथी पर मनमहेश सवार होकर निकलेंगे। रजत पालकी में चंद्रमौलेश्वर होंगे। वन्यजीव विशेषज्ञों द्वारा मादा हथिनी श्यामू को पांव की परेशानी के चलते अनफिट करार दिए जाने के बाद सवारी में नए हाथी के शामिल होने को बरकरार संशय पर से लगभग बादल छट चूके हैं। महेश दास निर्मोही के मालिकाना हक की हथिनी सूमा का वन विभाग ने सवारी के लिए वाक टेस्ट एवं चिकित्सकीय जांच करवाई है। उसका सवारी में भाग लेना करीब तय है।

भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी में करीब 36 साल मनमहेश स्वरूप को अपनी पीठ पर लेकर चलने वाली मादा हाथी रामू की वर्ष 2016 में एक दुर्घटना के बाद कुछ माह तक चले इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उसके उपरांत मादा हाथी श्यामू के कांधों पर यह जिम्मेदारी आ गई थी। 32 वर्ष की यह मादा हाथी काफी शांत स्वभाव की रही और उसने करीब 9 साल अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उसके पिछले पांव में परेशानी के चलते उसे वन्यजीव विशेषज्ञों ने उज्जैन आकर जांच की थी। इस जांच की रिपोर्ट वन विभाग ने मुख्यालय को भेजी थी। इसके बाद से ही सवारी के लिए श्यामू का विकल्प देखा जा रहा था। शहर में कुल 5 मादा हाथी हैं।

- भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के लिए वन विभाग ने किया टेस्ट
- 32 वर्ष की यह मादा हाथी काफी शांत स्वभाव की रही
- करीब 9 साल अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया



### त्रिचिरापल्ली मंदिर से आई सूमा

निर्मोही अखाड़ा खाक चौक के महंत महेशदास के नाम से दर्ज मादा हाथी सूमा वास्तविक रूप से दान में मिली है। अखाड़ा की व्यवस्था देखने वाले महंत हेमंतदास बताते हैं कि वे इसे तमिलनाडू के रामेश्वरम से करीब 100 किलोमीटर दूर त्रिचिरापल्ली मंदिर से लेकर आए थे। वहां मंदिर में देखरेख की दिक्कतों के चलते उन्होंने यहां आकर व्यवस्था देखी और इसे महेशदास जी को दान में दिया था। 2 वर्ष पूर्व ही सूमा को यहां लाया गया। इसकी उम्र वास्तविक रूप से कम है हालांकि वहां पर दस्तावेजी कार्रवाई के दौरान त्रिचिरापल्ली के मंदिर ने जब इसे दर्ज करवाया तो उस दौरान कागजों में जो दर्ज हुआ वही चल रहा है। 67 वर्ष की मादा एशियन हाथी सूमा का कलर काला, आंखों का रंग हनी, ऊंचाई 240 सेंटी मीटर, वजन लगभग 40 क्विंटल, गले की गोलाई 230 सेमी, छाती का आकार 370 सेमी, शरीर का आकार 315 सेमी, पूंछ की लंबाई 141 सेमी, नाखूनों की संख्या 18 है। निर्मोही अखाड़ा राम मंदिर खाक चौक की करीब 250 बीघा जमीन है। पर्याप्त चारा पानी, खाने पीने की सभी व्यवस्था हमारे पास है। कच्चे में वन्यजीव के चलने के लिए पर्याप्त स्थान होने से हमारे पास दो मादा हाथी हैं जिनमें एक विजय लक्ष्मी है। इनके आराम स्थल पर कुलर लगे हुए हैं। सूमा बच्चों के आयोजन में जाती है और उनके साथ खेलती है। हार पहनाती है और बहुत ही शांत स्वभाव की है। हमने वन विभाग को सूमा के सवारी में उपयोग को लेकर सशर्त सहमति दी है।

### सवारी मार्ग, भीड़ भरे क्षेत्र में चलाया

वन विभाग के प्रभारी रेंजर मदन मौरे के अनुसार अधिकारियों के निर्देश पर खाक चौक राम मंदिर निवासी महेश दास निर्मोही के नाम से दर्ज सूमा मादा हाथी का वाक टेस्ट लिया गया है। रामघाट, हरसिद्धी, महाकाल क्षेत्र में उसे भीड भरे बाजार में चलाया गया। सूमा पूरी तरह से फीट एवं महावत के आदेश पालन की स्थिति में रही है। उसके सवारी में शामिल होने की अंतिम स्थिति विभागीय अधिकारियों के आदेशानुसार ही रहेगी।

### चार पर विचार, वाक टेस्ट सूमा का

भगवान की सवारी के लिए मंदिर समिति ने वन विभाग को दो सप्ताह पूर्व पत्र लिखा था। इस पर वन विभाग ने शहर में मौजूद श्यामू को छोड़कर 4 अन्य हथनियों को लेकर विचार किया था। हाल ही में विजय लक्ष्मी नामक हथिनी ने इंदौर में एक घटना कारित कर दी थी। इससे विभागीय अधिकारियों ने कम उम्र की बजाय ज्यादा उम्र की फीट हथिनी को इसके लिए प्राथमिकता देते हुए सूमा का टेस्ट किया है। शुकवार को 67 साल की एशियन मादा हाथी सूमा को सवारी मार्ग पर चलाकर देखा गया है। बकौल पशु चिकित्सक मुकेश जैन उसे चलाकर देखने के साथ ही क्लिनिकली जांच की गई है। उसमें उसके आंख, कान, खूर की जांच एवं आदेश पालन की स्थितियों को जांचा गया है। इसके साथ ही भीड़ भरे क्षेत्र में चलाया गया है। कम उम्र का हाथी शैतानी कर सकता है अधिक उम्र की स्थिति में उसमें गंभीरता रहती है। सूमा के टेस्ट में वह पूरी तरह से सक्रिय एवं फजिकली फीट है।

### प्रति सवारी हाथी को मिलता है मेहनताना

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति से जुड़े सूत्रों के अनुसार सवारी में शामिल होने वाले हाथी को प्रति सवारी मेहनताना दिया जाता है। 4 दशक पूर्व रामू के लिए मेहनताना कुछ भी रहा हो। श्यामू के सवारी में शामिल होने के दौरान से हाथी को प्रति सवारी 5 किलो घी, एक सोयाबीन तेल का डिब्बा, 5 किलो गुड, 10 साबून की बट्टी, रूपए 5100 नकद दिए जाते हैं।

### 400 करोड़ की लागत से बन रहा डैम रहेगा आकर्षण का केंद्र

# दो महीने में पूरा हो जाएगा सेवरखेड़ी डैम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लंबे समय से निमार्णाधीन सेवरखेड़ी डैम का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस डैम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और लगभग दो महीने में इसके पूरी तरह तैयार होने की संभावना है। डैम के निर्माण को लेकर क्षेत्र में उत्साह बढ़ गया है।

डैम में छह गेट बनाए गए हैं। इसके साथ ही डैम के ऊपर से सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। डैम से जुड़े पंप हाउस का निर्माण भी पूरा हो चुका है। वर्तमान में डैम के विभिन्न हिस्सों में अंतिम चरण के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। डैम के दोनों तटों पर करीब 200-200 मीटर तक घाटों का निर्माण भी प्रस्तावित है। घाट और अन्य विकास कार्य पूरे होने के बाद यह क्षेत्र न केवल जल संरचना के रूप में महत्वपूर्ण होगा, बल्कि पर्यटन और आकर्षण का प्रमुख केंद्र भी बन सकता है।



### सालों पहले रखी थी नींव

- सेवरखेड़ी डैम की योजना और इसकी नींव कई साल पहले रखी गई थी, लेकिन लंबे समय तक निर्माण की गति अपेक्षित नहीं रही। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में परियोजना के काम को गति मिलने के बाद अब निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- डैम के निर्माण से क्षेत्र में जल प्रबंधन को मजबूती मिलने के साथ आसपास के क्षेत्रों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है। डैम के ऊपर सड़क, घाटों और अन्य सुविधाओं के विकसित होने के बाद यहां लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और यह स्थान भविष्य में उज्जैन के नए आकर्षण केंद्रों में शामिल हो सकता है। अब निर्माण कार्य चरम पर है और करीब दो महीने बाद सेवरखेड़ी डैम अपने पूर्ण स्वरूप में नजर आने की उम्मीद है।

## श्रावण महोत्सव की दूसरी संध्या में पं. द्विवेदी के एकल शास्त्रीय गायन




दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के गौरवशाली आयोजन 21वां अखिल भारतीय श्रावण महोत्सव 2026 शिव अर्धांग की दूसरी संध्या में दीप प्रज्जवलन के पश्चात कार्यक्रम के प्रारंभ में पहली प्रस्तुति पं. विनोद कुमार द्विवेदी का एकल शास्त्रीय गायन से हुई । दूसरी प्रस्तुति इन्दौर की चित्रांगना आंगले का समूह वादन पखावज की प्रस्तुति हुई। तृतीय प्रस्तुति बडौदा की अरनी भक्त का समूह नृत्य भरतनाट्यम'की प्रस्तुति हुई। चतुर्थ एवं अंतिम प्रस्तुति मंदसौर की दिव्या शर्मा के एकल शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन हुआ।

श्रावण महोत्सव 2026 की द्वितीय संध्या की प्रथम प्रस्तुति का प्रारंभ पं. विनोद कुमार द्विवेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ - राग मियाँ मल्हार में ध्रुपद शैली की चार खंडों में विस्तृत आलापचारी से किया। इसके पश्चात पंद्रह मात्राओं के दुर्लभ ताल गजझम्पा में पंडित विनोद कुमार द्विवेदी कि स्वरचित रचना सावन घन गरज चहुँ ओर जो बाबा महाकाल के झूला झूलने का वर्णन कर रही को प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात इसी राग में सूलताल की स्वरचित रचना कारे बदरा घिर आई प्रस्तुत की गई, जिसने वर्षा ऋतु की गंभीरता और राग मियाँ मल्हार के भाव पक्ष को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राग जोग में स्वरचित रचित बाजत शिव डमरू, डिम-डिम डिमिक-डिमिक, अनहद नाद साजे, बाबा महाकाल से हुआ।

## गायक प्रतीक बच्चन बी प्राक ने किए महाकालेश्वर के दर्शन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रसिद्ध गायक प्रतीक बच्चन बी प्राक ने ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर जी की प्रातः कालीन भस्म आरती में दर्शन लाभ लिए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एस एन सोनी द्वारा बी प्राक का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

# एक पैर से केदारनाथ-अमरनाथ की चढ़ाई करने वाली नेहा सम्मानित

### नेहा ने बताया- हौसला हो तो मुश्किलें भी छोटी, दुर्घटना में गंवाया पैर, शिव भक्ति ने दी नई ताकत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

एक हादसे में पैर गंवाने के बाद भी जिंदगी से हार न मानने वाली अहमदाबाद की नेहा भट्ट ने अपने साहस से नई मिसाल कायम की है। एक पैर के सहारे नेहा ने केदारनाथ और अमरनाथ जैसी कठिन धार्मिक यात्राएं पूरी कीं। रविवार को उज्जैन में उनका सम्मान किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए युवाओं से मुश्किल परिस्थितियों में हिम्मत बनाए रखने की अपील की।

नेहा ने बताया कि वर्ष 2021 में एक दुर्घटना में उन्हें अपना एक पैर गंवाना पड़ा। हादसे के बाद जीवन में कई मुश्किलें आईं, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं छोड़ी। शिव भक्ति से जुड़कर उन्होंने खुद को संभाला और आगे बढ़ने का संकल्प लिया।



**22 किमी पैदल चलकर पहुंचीं केदारनाथ-** नेहा ने वर्ष 2025 में करीब 22 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा कर बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। एक पैर होने के बावजूद उन्होंने यात्रा पूरी की। इसके बाद उनका आत्मविश्वास और बढ़ा।

**अमरनाथ की कठिन चढ़ाई भी पूरी की-** वर्ष 2026 में नेहा ने अमरनाथ यात्रा का संकल्प लिया और करीब 18 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई कर बाबा अमरनाथ के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि रास्ते में कई बार मुश्किलें सामने आईं, लेकिन मन में लक्ष्य और भगवान के प्रति आस्था होने के कारण उन्होंने कदम पीछे नहीं खींचे।

**युवाओं से कहा- मुश्किलों से भागें नहीं-** प्रेस वार्ता में नेहा ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से हार नहीं माननी चाहिए। मुश्किलों से पीछे हटने के बजाय उनका सामना करना चाहिए। यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प कर ले तो बड़े से बड़ा लक्ष्य भी हासिल किया जा सकता है।

### शॉल, श्रीफल और महाकाल की तस्वीर देकर सम्मान

कार्यक्रम में विश्व विख्यात ज्योतिष एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ गौरव दवे ने नेहा भट्ट को शॉल, श्रीफल और बाबा महाकाल की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। संगीतकार अनूप बोरलिया, नीलेश मनोहर, रोहित सोनवान, सूर्य अलबेला, शुभम हनोतिया, कृष्णा चतुर्वेदी, चंद्रहास श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव सहित स्वर्णिम भारत मंच के सदस्यों ने भी नेहा का स्वागत और सम्मान किया।

# भारत छोड़ो आंदोलन का स्थापना दिवस मनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

ऐतिहासिक भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत की वर्षगाठ तथा भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बड़नगर एवं युवा कांग्रेस ब्लॉक इंगोरिया व ब्लॉक शहर सेवादल द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़नगर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस दौरान पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने बताया कि आज ही के दिन महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर भारत छोड़ो आंदोलन व की शुरूआत की थी, जिसे आज अगस्त क्रांति के रूप में जाना जाता हैं जिसके फलस्वरूप अनेकों आंदोलनों के बाद भारत को आजादी मिली। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, पूर्व



प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं ने देश की स्वतंत्रता, भारत छोड़ो आंदोलन के ऐतिहासिक महत्व, राष्ट्र निर्माण और युवाओं को सशक्त बनाने में महापुरुषों के अमूल्य योगदान को याद किया। बड़नगर में आयोजित इस गरिमामयी अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष निलेश शर्मा, शहर सेवादल अध्यक्ष वानिशराज कटारिया, पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण मोरवाल, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष संदीप बैरागी, युवा कांग्रेस बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण वड़छा, युवा कांग्रेस इंगोरिया ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सोलंकी, मेहता विचार मंच अध्यक्ष सैफुद्दीन बादशाह, वासिफ काजी, गुलाम हुसैन शेख, सद्दाम हुसैन, अंसार अली, कामिल रहमानी, शुभम पटेल, अभिषेक सरसोदीया, पवन प्रजापत, रवि कालोटिया आदि उपस्थित रहे।

## पुण्य स्मरण





**स्व. श्री रवि जाधव (चोटी)**

को 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

हजारों दुश्मनों का में अकेला सामना कर सकता था, मगर सच्चा दोस्त कब गद्दारी पर उतर आया बस यही में समझ न पाया

मतलब के है यार दिलो के काले है। मौका मिलते ही सब डंसने वाले हैं और किसमें कितना जहर है हमको है मालूम, सबसे ज्यादा साँप हमीने पाले हैं।

शोक संतप्त परिजन एवं मित्रगण

श्री बंशीलाल (पिता जी) श्रीमती शान्ति जाधव (माता जी), मोनू जाधव (भाई) युनूस खान (छेनु पहलवान), राजेश व्यास (गुरु) एवं समस्त मित्र मण्डली इन्दौर गेट (उज्जेन ) मो. 8269513608

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | मंगलवार 11 अगस्त, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### चेक डेम जीर्णोद्धार से ग्राम डाबरी में जल संरक्षण क्षमता बढ़ी

**उज्जैन।** जनपद पंचायत खचरौद की ग्राम पंचायत डाबरी में वर्षों से गाद जमा होने के कारण चेक डेम की जल संग्रहण क्षमता लगातार कम हो रही थी। बारिश का पर्याप्त पानी संग्रहित नहीं हो पाने से आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की कमी का सामना करना पड़ता था। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की सक्रिय जनभागीदारी से चेक डेम की गाद निकासी एवं साफ-सफाई का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस कार्य में ग्रामीणों ने श्रमदान के साथ भरपूर सहयोग दिया। गाद निकासी के बाद चेक डेम की जल धारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे अब वर्षा जल का अधिक मात्रा में संरक्षण संभव हो सकेगा।

### 10 करोड़ से अधिक यूजर्स ने डाउनलोड किया ऐप

**इंदौर।** भारत निर्वाचन आयोग का ईसीआईईएनटी नामक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म उपयोगिता के लिहाज से लोकप्रिय हो रहा है। आयोग के इस मोबाइल ऐप को लगभग 10 करोड़ 80 लाख यूजर्स ने डाउनलोड किया है। यह प्लेटफॉर्म निर्वाचन संबंधी सभी जानकारी एवं सेवाओं के लिए एक समग्र डिजिटल मंच है। ईसीआईईएनटी की परिकल्पना भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं डॉ. विवेक जोशी के साथ मिलकर की थी। इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की गई थी। इसका शुभारंभ दिल्ली में 22 जनवरी 2026 को किया गया था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का कहना है कि ईसीआईईएनटी का विकास पूर्णतः विधिक प्रावधानों के अनुरूप है। यह प्लेटफॉर्म हिंदी-अंग्रेजी सहित संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं में उपलब्ध है।

### स्वतंत्रता दिवस पर होंगे जिला, जनपद पंचायत मुख्यालयों पर कार्यक्रम

**इंदौर।** आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य, जिला जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर गरिमा मय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है। इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार भोपाल में मुख्यमंत्री द्वारा प्रातः 9 बजे के पूर्व शौर्य स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। तत्पश्चात प्रातः 9 बजे मुख्यमंत्री जी लाल परेड ग्राउण्ड में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे एवं प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। शौर्य स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाल परेड ग्राउण्ड भोपाल में किया जाएगा। पुलिस, एस.ए.एफ., सी.आई.एस.एफ., जेल गार्ड, होम गार्ड, एन.सी.सी. एवं स्काउट गाइड्स की संयुक्त परेड आयोजित की जाएगी। संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड आफ ऑनर दिया जाएगा। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9 बजे से किया जाएगा।

### इंदौर में 10 लाख की एमडी ड्रग्स बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर पुलिस लगातार ड्रग्स तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर एक आरोपी को 103.5 ग्राम एमडी (टऊ) ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की काली होंडा हॉर्नेट बाइक भी बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये है। पुलिस के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर की ओर से एक तस्कर एमडी ड्रग्स की खेप लेकर इंदौर आने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर संदिग्ध एयाज हुसैन को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 103.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पूछताछ में शाहनवाज नाम के एक अन्य आरोपी का भी नाम सामने आया है, जो चूड़ियां बेचने का काम करता है। पुलिस का कहना है कि दोनों को लग्जरी लाइफ और हाई-प्रोफाइल पार्टियों का शौक था। जल्द पैसा कमाने की चाह में वे नशे के कारोबार में उतर गए। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलते थे और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का इस्तेमाल करते थे। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि एमडी ड्रग्स की खेप मंदसौर में किससे ली जाती थी, इंदौर में किन लोगों तक इसकी सप्लाई होनी थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपी कौन हैं।

## नैनो न्यूज

- **साइबर अपराध पर पुलिस की कार्रवाई-** प्रदेश में साइबर अपराध और नशा कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। कई मामलों में आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।
- **प्रशासनिक फेरबदल की चर्चा तेज-** मध्यप्रदेश में अधिकारियों के तबादलों को लेकर हलचल बढ़ी है। कई जिलों में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव की संभावना जताई जा रही है।
- **किसानों की फसलों को बारिश से लाभ-** मानसून सक्रिय होने से प्रदेश के कई हिस्सों में किसानों को राहत मिली है। सोयाबीन सहित खरीफ फसलों को फायदा पहुंच रहा है।
- **मूंग-उड़द खरीद की तारीख बढ़ी-** मध्यप्रदेश में मूंग-उड़द की सरकारी खरीद की अंतिम तारीख बढ़ाकर 20 अगस्त कर दी गई है।
- **किसानों को मौसम से राहत-** प्रदेश में सक्रिय मानसून से कई क्षेत्रों में फसलों को बारिश का लाभ मिल रहा है। हालांकि जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी जरूरी है।
- **कटनी में मालगाड़ी दो हिस्सों-** कटनी में कोयला लदी मालगाड़ी की कपलिंग टूटने से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। बड़ा हादसा टल गया।
- **इंदौर में रातभर बारिश जारी-** इंदौर में रविवार रात से सोमवार सुबह तक बारिश होती रही। लगातार बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

---

जबलपुर लैब रिपोर्ट में खुलासा, हाथी पॉजिटिव

# हथनी 'श्यामू' को ईईएचवी-1 घातक वायरस से पीड़ित

### विशेषज्ञों की सलाह पर अब एंटीवायरल इलाज शुरू, वन विभाग ने उसे आराम देने का फैसला पिछले दिनों ही लिया था

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

पिछले 9 सालों से भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी की शान रही मादा हथनी 'श्यामू' को जानलेवा वायरस ने जकड़ लिया है। जबलपुर की नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय की रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि मादा श्यामू ईईएचवी-1 यानी एंडोथीलियोट्रॉपिक हर्पीज वायरस टाइप-1 से संक्रमित हैं।

कुछ दिनों पूर्व सतपुडा टाईगर रिजर्व के वन्यजीव पशु चिकित्सक डा. गुप्ता उज्जैन आए थे। उन्होंने अपनी देखरेख में श्यामू के सैंपल लेकर उन्हें जबलपुर विश्व विद्यालय को भेजकर उसकी रिपोर्ट का आग्रह किया था। मादा श्यामू के विजानल, मूंह, आंखों का स्वाब सैंपल में लिया गया था। इन तीनों ही स्वाब की रिपोर्ट पाजीटिव सामने आई है।

**मादा श्यामू की जगह सूमा ने ली-**पिछले 9 साल से सवारी में शामिल रही 32 साल की श्यामू के पैर में दिक्कत के साथ-साथ अब वायरस की पुष्टि के बाद वन विभाग ने उसे आराम देने का फैसला पिछले दिनों ही लिया था। उसकी जगह 67 साल की सूमा का वाक टेस्ट कर उसे फिट घोषित किया गया है। सोमवार को उसका क्लीनिकली टेस्ट किया जिसमें महावत के कहने पर उसने पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया एवं सतीश शर्मा को नमस्कार किया और सीधा पांव उठाने के आदेश का हुबहु पालन किया। डा.मैथनिया बताते हैं कि सूमा पूरी तरह से सजग और सतर्क थी उसके साथ ही आदेशों को बडी गंभीरता से मान रही थी। उसके टेस्ट के दौरान पटाखें चलाकर भी वन विभाग ने देखा था जिसमें उसमें कोई चमक वाली स्थिति नहीं रही थी।

#### ये है ईईएचवी-1-

हाथियों में पाया जाने वाला एक घातक वायरस है। खासकर 1 से 8 साल के बच्चों के लिए ये जानलेवा साबित होता है। बड़े हाथी इसके कैरियर बन जाते हैं और स्ट्रेस, भीड़ या थकान में वायरस एक्टिव हो जाता है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर प्लाज्मा ट्रांसफ्यूजन भी करना पड़ सकता है। विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. काजल के. जाधव ने वन विभाग उज्जैन को भेजी रिपोर्ट में निर्देश देते हुए कहा है कि मादा श्यामू के तुरंत इलाज के तहत इम्यूनो बूस्टर और एंटीवायरल दवा Famciclovir, Acyclovir शुरू करें। इसके साथ ही कहा गया है कि किसी भी हाथी के बछड़े को इनके संपर्क में न आने दें। ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए डोनर हाथी का पहले से इंतजाम और टेस्ट कर लें। आपात स्थिति के लिए एंटीबायोटिक, पेनकिलर और स्टेरॉयड पहले से रखे जाएं।



## मेहंदी से प्रेमी का नाम हथेली पर लिख युवती ने की आत्महत्या

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के चंदन नगर इलाके में 18 साल की एक युवती ने जहर खाकर जान दे दी। युवती ने कुछ दिन पहले मेहंदी से अपने हाथ पर एक युवक का नाम लिखा था। शनिवार देर रात परिवार के सोने के बाद उसने आत्मघाती कदम उठाया। रविवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, मृतका रानी (18) पुत्री कन्हैयालाल, निवासी नांवदा पथ, शनिवार रात करीब 1 बजे तबीयत बिगड़ने पर एमवाय अस्पताल लाई गई थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि रानी 10वीं तक पढ़ी थी और इलाके की एक फैक्ट्री में काम करने जाती थी। शनिवार को उसने परिवार के साथ खाना खाया। इसके बाद मोबाइल पर बात की और सोने चली गई।

---

उज्जैन एवं शिवपुरी में नए एयरपोर्ट निर्माण कार्य में प्रगति लाएं : केंद्रीय मंत्री नायडू

# पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा देश का सबसे सफलतम प्रयोग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापु राममोहन नायडू ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश में वर्तमान में एयरपोर्ट निर्माण एवं हवाई सेवाओं के विकास-विस्तार के लिए चल रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री श्री नायडू को बताया कि प्रदेश में आठ एयरपोर्ट बन चुके हैं। उज्जैन और शिवपुरी में नए एयरपोर्ट का निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपलब्ध 10 उन्नत एयरस्ट्रिप्स को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की राज्य सरकार की योजना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत सरकार ने सिंगरौली, सागर, नीमच, छिंदवाड़ा, मण्डला, खण्डवा, रतलाम, मंदसौर, उमरिया एवं शहडोल एयरस्ट्रिप्स को केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत एयरपोर्ट में परिवर्तित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। केंद्र सरकार से प्रोत्साहन और मदद मिलते ही इन पर काम प्रारंभ कर दिया जाएगा।

#### पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में प्रारंभ हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में चलाई जा रही पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश में प्रारंभ हुई है। अब तक 170 से अधिक गंभीर मरीजों को इस सेवा का लाभ मिल चुका है। इनमें से 99 प्रतिशत मरीजों की जान बचा ली गई है। यह सेवा गंभीर मरीजों की जान बचाने में देश का सबसे सफलतम प्रयोग है। आयुष्मान कार्डधारियों को यह सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस सेवा में प्रदेश भर में प्रदेश के किसी भी अंचल में रह रहे गंभीर मरीजों को तत्परतापूर्वक उच्च स्वास्थ्य संस्था तक पहुंचाया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने एयर एम्बुलेंस सेवा संचालन की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश ने देश के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।



#### मध्यप्रदेश में पहले चरण में 5 नए एयरपोर्ट तैयार किए जाएंगे

बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री नायडू ने कहा कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा संचालित उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना का अगले दस साल के लिए विस्तार कर दिया गया है। अब यह योजना वर्ष 2036 तक जारी रहेगी। केंद्र सरकार ने अगले दस साल में देश में 100 नए एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी उड़ान योजना के तहत मध्यप्रदेश के सभी प्रस्तावित स्थलों में एयरपोर्ट्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश द्वारा प्रस्तावित दस एयरस्ट्रिप्स को एयरपोर्ट में बदलने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार पूरी मदद देगी। इसके तहत मध्यप्रदेश में पहले चरण में 5 नए एयरपोर्ट तैयार किए जाएंगे। इनमें सबसे पहले भोपाल से सबसे दूरस्थ नगर निगम सिंगरौली (ऊजार्धानी) में एयरपोर्ट बनाया जाएगा।

## बह गई कार, काल के गाल में समाए तीन लोग

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ राजगढ़**

मध्य प्रदेश में मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। सबसे ज्यादा असर राजगढ़ में देखने को मिल रहा है। कई गांवों का संपर्क टूट गया है, नदी-नाले उफान पर हैं। इसी बीच सबसे बड़ा हादसा राजगढ़ के पडाना गांव के पास हुआ। यहां उफनते नाले को कार से पार करने की कोशिश 11 लोगों पर भारी पड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार नाले में उतरते ही तेज बहाव की चपेट में आ गई और देखते ही देखते बह गई। कार में सवार लोग मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि कार कुछ ही सेकंड में आंखों से ओझल हो गई। पुलिस के अनुसार इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, दो लोगों को बचा लिया गया है।

पीड़ित परिवार देवास जिले के सतवास से सारंगपुर के कड़लावद जा रहा था। देवास से आ रही कार नए बने बायपास से होकर गुजर रही थी। वहां बने पुल पर बारिश का पानी अत्यधिक भर गया था। बाहरी चालक होने के कारण उसे जलस्तर और पुल की वास्तविक स्थिति का अंदाजा नहीं लगा। ग्रामीणों के अनुसार पुल पर पहले से जलभराव था और स्थानीय लोगों ने चालक को आगे जाने से रोकने की कोशिश भी की थी। इसके बावजूद चालक जोखिम उठाते हुए वाहन को आगे ले गया, जिससे कार असंतुलित होकर पानी में समा गई।

---

प्रागैतिहासिक शैलचित्रों और प्राकृतिक-सांस्कृतिक विरासत को करीब से किया अनुभव

# भीमबेटका में हजारों साल पुराने रिश्तों की गाथा

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल**

ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह एवं मंत्री समूह के डेलीगेट्स ने रविवार को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका रॉक शेल्टर्स का भ्रमण किया। दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, रूस और चीन सहित ब्रिक्स देशों से आए 15 से अधिक डेलीगेट्स ने हजारों वर्ष पुरानी मानव सभ्यता, प्रागैतिहासिक शैलचित्रों और प्राकृतिक-सांस्कृतिक विरासत को करीब से अनुभव किया। मध्यप्रदेश की प्रागैतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराई।

गाइडेड हेरिटेज टूर के दौरान ब्रिक्स डेलीगेट्स ने विभिन्न शैलाश्रयों का भ्रमण किया और इन चित्रों के माध्यम से प्रागैतिहासिक मानव की जीवनशैली, उसकी सामाजिक गतिविधियों तथा प्रकृति एवं वन्यजीवों के साथ उसके संबंध को समझा। विशेष रूप से हाथी, गौर, हिरण, बंदर, जंगली सूअर जैसे वन्यजीवों के चित्रों ने प्राचीन मानव के अभिव्यक्ति में प्राकृतिक दुनिया के महत्वपूर्ण स्थान को दर्शित किया। भीमबेटका के रॉक शेल्टर्स में शैलचित्र केवल प्राचीन कला के उदाहरण नहीं हैं, बल्कि वे मानव और उसके प्राकृतिक परिवेश के बीच हजारों वर्ष पुराने संबंध की झलक भी प्रस्तुत करते हैं। यहां पाए जाने वाले चित्रों में वन्यजीव, मानव आकृतियां, शिकार के दृश्य, सामूहिक गतिविधियां तथा प्रकृति के साथ मानव के जुड़ाव को अभिव्यक्त किया गया है।

#### भीमबेटका में 750 से अधिक रॉक शेल्टर्स

भीमबेटका में 750 से अधिक रॉक शेल्टर्स हैं, जिनमें 100 से अधिक शैलाश्रयों में चित्र पाए गए हैं। इन चित्रों में अलग-अलग कालखंडों की कलात्मक परंपराओं की निरंतरता दिखाई देती है। कुछ चित्रों में शिकार और सामुदायिक गतिविधियां दिखाई देती हैं, जबकि बाद के चित्रों में जुलूस, योद्धाओं और सामूहिक अनुष्ठानों जैसे दृश्य भी मिलते हैं। डेलीगेट्स के लिए यह अनुभव केवल पुरातात्विक स्थलों के भ्रमण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कला के माध्यम से मानव सभ्यता की विकास यात्रा को समझने का अवसर बना। हजारों वर्ष पहले चट्टानों पर उकेरी गई ये आकृतियां आज भी उस समय के मानव की कल्पना, रचनात्मकता और अपने परिवेश के प्रति उसकी संवेदनशीलता से परिचित कराती हैं।

## नर्मदा में डूब रहे छह कांवड़ियों को गोताखोरों ने बचाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरगोन**

श्रावण माह में नर्मदा स्नान और कांवड़ यात्रा के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच सोमवार को नावघाटखेड़ी स्थित नर्मदा घाट पर बड़ा हादसा टल गया। अलग-अलग दो घटनाओं में नर्मदा नदी के गहरे और तेज बहाव वाले पानी में डूब रहे छह कांवड़ यात्रियों को स्थानीय गोताखोरों ने अपनी जान जोखिम में डालकर सुरक्षित बचा लिया। समय रहते गोताखोर नहीं पहुंचते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

बड़वाह-इंदौर-खंडवा-इच्छापुर मार्ग पर मोरटक्का नर्मदा पुल के दक्षिणी तट पर स्थित नावघाटखेड़ी घाट इन दिनों कांवड़ यात्रियों के लिए प्रमुख जलभराव स्थल बना हुआ है।

#### तेज बहाव वाले हिस्से में चले गए

सोमवार दोपहर करीब 12 बजे पहली घटना हुई। इंदौर से आए दो युवा कांवड़ यात्री स्नान के दौरान नर्मदा के गहरे और तेज बहाव वाले हिस्से में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद गोताखोर बाबूलाल मंगले ने बिना देर किए नदी में छलांग लगाई और ट्यूब की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

कुछ ही देर बाद दूसरी घटना में इंदौर के चार अन्य कांवड़ यात्री भी स्नान करते समय गहरे पानी में पहुंच गए और डूबने लगे। स्थिति को भांपते हुए स्थानीय गोताखोरों ने तुरंत बचाव अभियान चलाया।

---

15 दिन में टूटा शादी का सपना!

# दहेज के लिए प्रताड़ना के आरोप, पति के पुराने रिश्तों की भी चर्चा

### महिला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति, सास और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

शादी के बाद नई जिंदगी के सपने संजोकर ससुराल पहुंची एक विवाहिता की जिंदगी महज 15 दिन में ही कथित तौर पर प्रताड़ना और विवादों में उलझ गई। महिला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति रितेश नागोरी, सास निर्मला नागोरी और ससुर मनमोहन नागोरी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए दबाव बनाने, मारपीट,दोहरी शादी, गाली-गलौज और मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता के मुताबिक शादी के समय मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार नगदी, जेवर और गृहस्थी का सामान दिया था। आरोप है कि शादी के कुछ ही दिन बाद ससुराल पक्ष ने पांच लाख रुपये अतिरिक्त लाने की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर कथित तौर पर उसे ताने दिए जाने लगे और छोटी-छोटी बातों पर विवाद किया जाता था। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके साथ कथित तौर पर मारपीट और अभद्र व्यवहार भी किया गया।

#### पति को हजारों रुपये भेजे

घर खर्च के लिए पैसे नहीं मिलने पर उसने कई बार ऑनलाइन माध्यम से पति को हजारों रुपये भेजे, लेकिन इसके बावजूद विवाद और प्रताड़ना का सिलसिला नहीं रुका।

मामले में पति के दूसरी महिलाओं से कथित संबंधों का आरोप भी सामने आया है। विवाहिता का कहना है कि जब उसने इसको लेकर सवाल उठाए तो विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि उसे धमकाया गया और घर से निकालने की बात कही गई। इसी दौरान सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाने का भी आरोप लगाया गया है।

#### अब पुराने मामलों की भी चर्चा

मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी पति के पूर्व संबंधों और दूसरी महिलाओं से विवाद को लेकर चचाएँ सामने आने लगीं। सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि एक अन्य युवती भी आरोपी के खिलाफ शिकायत की तैयारी कर रही है। हालांकि इस संबंध में अभी पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। आरोपी पर नशे का आदी होने और पैसों को लेकर महिलाओं पर दबाव बनाने जैसे आरोप पहले भी लगाए जा चुके हैं। फिलहाल पुलिस दर्ज प्रकरण के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है। अब जांच के दौरान यह साफ होगा कि विवाहिता द्वारा लगाए गए आरोपों में सभी सच पाए गए है और सामने आ रही अन्य शिकायतों के आधार पर धाराएं बढ़ाई जा चुकी है

**जेल के आदेश निकले थे, फिर बदला वकील...-** सूत्रों के अनुसार खबर हैं की जज ने जेल भेजने का आदेश दिया था लेकिन आरोपी ने तुरंत अपनी सड़ियल जादूगरी दिखा कर वकील बदल लिया और 25-25 हजार रुपए देकर जमानत करवा ली, वही सूत्र आगे यह भी बताते हैं कि इस बिगड़ैल आरोपी की मां ने जज के सामने खूब हाथ पैर जोड़े, और तरह तरह के झूठे वादों के साथ जमानत करवा लाई।

#### महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगी, इंस्टाग्राम से शुरू हुआ खेल

इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाली महिला से पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 10 लाख 8 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इंस्टाग्राम पर जॉब का विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर होटल-रेस्टोरेंट की रेटिंग देने के बदले कमीशन का झांसा दिया गया। शुरुआत में कमीशन के रूप में रकम लौटाकर भरोसा जीता गया, फिर अलग-अलग खातों में निवेश के नाम पर रकम जमा कराई गई। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, इति जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ ऑनलाइन ठगी का केस दर्ज किया गया है। इति ने बताया कि जुलाई में वह इंस्टाग्राम चला रही थीं और पार्ट टाइम जॉब की तलाश में थीं। इसी दौरान उन्होंने एक विज्ञापन देखा। उसमें दिए नंबर पर कॉल करने के बाद उन्हें वॉट्सएप पर मैसेज आया। इसके बाद टेलीग्राम पर ऑनलाइन जॉब और कमीशन मिलने की बात बताई गई। इति को एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। इसमें 'एनएससी रिसपेस्ट' के नाम से एक विज्ञापन आया। होटल-रेस्टोरेंट की लिंक भेजकर उस पर रेटिंग देने की बात कही गई। इस दौरान इति से नाम, पता और अकाउंट की जानकारी भी ले ली गई। शुरुआत में दो रेटिंग देने के बाद 1 हजार रुपए पर 30 प्रतिशत कमीशन देने की बात कही गई। यह भी बताया गया कि जितनी ज्यादा रकम जमा की जाएगी, उतना ही ज्यादा मुनाफा मिलेगा। इसके बाद रिकूमनी दशोरे नाम की युवती के अकाउंट में रकम जमा कराई गई। फिर इति को दूसरे पेज पर जोड़कर उसे प्रोफेशनल पेज बताया गया और अकाउंट में 2 हजार रुपए और जमा करवाए गए। इसके बाद 3900 रुपए मुनाफे के तौर पर वापस दिए गए। एक रेटिंग करने पर 900 रुपए कमीशन भी दिया गया। इससे इति को भरोसा हो गया और उन्होंने आगे भी रकम जमा करना शुरू कर दिया।

## न्यूज कालम




## सांदीपनी एकेडमी की अंडर-१९ बालक वॉलीबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक

**मंडलेश्वर।** सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर की अंडर-19 बालक वॉलीबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया। यह उपलब्धि ष्टक्चस्श्व क्लस्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट 2026 में हासिल की गई।प्रतियोगिता का आयोजन मास्टर माइंड स्कूल, सारंगपुर, जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) में किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांदीपनी एकेडमी की टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया।टीम के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। टीम की इस सफलता पर विद्यालय के चेयरमेन राजेश्वर पाटीदार, सारिका पाटीदार,प्राचार्य डॉ. कमलेश सी. जोशी, मैनेजर गोपाल पाटीदार, उप-प्राचार्य संजय वर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों एवं कोच मीत पाटीदार, संदीप थापा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास, अनुशासन, समर्पण एवं खेल भावना का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

## माहिष्मती बोल बम कांवड़ यात्रा को लेकर विधायक भवन में हुई बैठक



**मंडलेश्वर।** भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आस्था से सराबोर होने वाली माहिष्मती बोल बम कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर मंडलेश्वर स्थित विधायक भवन में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 22 से 24 अगस्त तक महेश्वर से ओंकारेश्वर तक निकलने वाली विशाल कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं, तैयारियों एवं आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस वर्ष यात्रा का 17 वां वर्ष है।यात्रा संयोजक एवं महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार मेव के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस कांवड़ यात्रा में महेश्वर विधानसभा सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है। नर्मदा तट महेश्वर से पवित्र जल लेकर शिवभक्त भगवान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग हर-हर महादेव, बोल बम के जयघोष से गुंजायमान रहेगा।धर्म, आस्था और राष्ट्रभक्ति का संदेश देगी यात्रा बैठक को संबोधित करते हुए यात्रा संयोजक एवं महेश्वर विधासभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि माहिष्मती बोल बम कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, शिवभक्ति, सामाजिक एकता और सेवा भावना का महापर्व है। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी यात्रा को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महेश्वर की पवित्र नर्मदा से जल लेकर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग तक पहुंचना प्रत्येक शिवभक्त के लिए सौभाग्य का विषय है।

## पेंशनर महासंघ ने कलेक्टर से की भेंट, संगठन गतिविधियों पर की चर्चा



**खरगोन।** सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी पेंशनर महासंघ के जिला पदाधिकारियों ने विगत दिवस कलेक्टर गुरु प्रसाद से सौजन्य भेंट की। महासंघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आरएस देवड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश उपाध्याय ने कलेक्टर को संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशनर महासंघ देश भर के सेवानिवृत्त सरकारी और अर्द्धण्सरकारी कर्मचारियों का एक प्रमुख संगठन है, जो पेंशनभोगियों के अधिकारों, वित्तीय सुरक्षा, चिकित्सा सुविधाओं और कल्याणकारी लाभों की रक्षा के लिए कार्य करता है। कलेक्टर ने महासंघ के पदाधिकारियों से संगठन को सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से समाज सेवा, शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे जनहितकारी क्षेत्रों में निरंतर योगदान देने पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का व्यापक अनुभव समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उन्होंने इस अनुभव का उपयोग जनकल्याण एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रियता से करने का आह्वान किया। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मध्य लंबित महत्वपूर्ण विषयों के समाधान की दिशा में हुई प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी सेवाओं के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महासंघ के प्रांतीय प्रचार मंत्री महेंद्र पटेल, जिला सचिव अशोक जोशी, जय जोशी तथा सुबोध कुमार नागर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 3.05 लाख की ठगी, आरोपी झाबुआ से गिरफ्तार

**खंडवा।** डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर 3 लाख 4 हजार 999 रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को रामेश्वर चौकी थाना मोघट रोड पुलिस ने झाबुआ जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी श्रवण कुमार के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से राशि अन्य खातों में ट्रांसफर करवा ली थी। मामले में अपराध क्रमांक १४९/२६ के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। सायबर सेल की तकनीकी जांच में राशि आकाश उर्फ हावसिंह भूरिया निवासी नरवालिया, जिला झाबुआ के खाते में जाना पाया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विकास खिची सहित पुलिस एवं सायबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तिरंगा रैली में नन्हे-मुन्नों ने दिया देशभक्ति का संदेश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

आज हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकेण्डरी स्कूल, बड़वानी में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एल.के.जी. एवं यू.के.जी. के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की।



रैली में नन्हे विद्यार्थियों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराते हुए विद्यालय परिसर में देशभक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया। बच्चों ने "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" एवं "हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा" जैसे देशभक्ति के नारों के साथ रैली निकाली और सभी को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं देशप्रेम का संदेश दिया।

नन्हे बच्चों का उत्साह, उनकी मासूम मुस्कान और हाथों में लहराता तिरंगा सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के नारों और देशप्रेम की भावना से गूंज उठा।

विद्यालय के प्राचार्य माधव खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, गर्व और देशभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है। उन्होंने बच्चों को तिरंगे के महत्व से अवगत कराया और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में छोटी उम्र से ही राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं देश के प्रति सम्मान की भावना विकसित की जाती है। आज आयोजित तिरंगा रैली इसी उद्देश्य की एक प्रेरणादायक पहल रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने देश की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने तथा राष्ट्रीय ध्वज का सदैव सम्मान करने का संकल्प लिया।



## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने निकाली भव्य कावड़ यात्रा

**नेपानगर।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल, नेपानगर क्षेत्र के तत्वावधान में श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी पर ग्राम रामपुरा से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। लगभग 40 किलोमीटर की पैदल यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त और सनातन धर्मावलंबी श्रद्धालु शामिल हुए। कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु "बम-बम भोले" और "जय भोलेनाथ" के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों और नेपानगर क्षेत्र के लोगों ने पुष्प वर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया। जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख दिनेश राठौड़ ने बताया कि यह पवित्र कांवड़ यात्रा ग्राम रामपुरा से शुरू हुई। इसके बाद यात्रा डाभीया खेड़ा, हिवरा फाटा, सीवल होते हुए नेपानगर और चांदनी से होते हुए असीरगढ़ स्थित प्राचीन महादेव मंदिर पहुंची। असीरगढ़ महादेव मंदिर पहुंचकर कांवड़ियों ने भगवान महादेव का पवित्र जल से अभिषेक किया। इसके बाद विधि-विधान से महाआरती की गई। महाआरती के साथ ही इस भव्य कांवड़ यात्रा का समापन हुआ।

## जनजाग्रति संस्था ने हर घर तिरंगा अभियान मनाया

### भारत का तिरंगा देश की आन, बान और शान है -श्री जैन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर




देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में चल रहे "हर घर तिरंगा अभियान" के तहत बुरहानपुर की सामाजिक संस्था जनजाग्रति संस्था द्वारा शनिवार को तिरंगा फहराया गया। अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक चलेगा। इसी क्रम में संस्था के संस्थापक और संरक्षक महेंद्र जैन के निवास पर जनजाग्रति संस्था के सभी साथियों ने एक साथ तिरंगा लहराकर देशभक्ति का संदेश दिया।

इस अवसर पर महेंद्र जैन ने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर देश की आजादी के 80 वर्ष पूरे होंगे। शहीदों, क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष से हमें आजादी मिली है। भारत देश का तिरंगा इस देश की आन, बान और शान है। हर घर तिरंगा अभियान देश के हर नागरिक में देशभक्ति की भावना जगाता है। हमें गर्व है कि हम सभी देशवासियों का एक ही लक्ष्य है - कंधे से कंधा और हाथ से हाथ मिलाकर 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस बड़े जोश और उल्लास के साथ मनाएं, ताकि देश प्रगति की ओर बढ़ सके।" कार्यक्रम में जनजाग्रति संस्था की संरक्षक और सलाहकार फौजिया सोडावाला, अध्यक्ष किरण सिंह, उपाध्यक्ष हर्ष वर्मा, सुनील सलूजा, कोषाध्यक्ष मेहुल जैन, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश अग्रवाल, हरिओम अग्रवाल, आशा तिवारी, अरुण जोशी सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर तिरंगे को सलामी दी और देश की एकता, अखंडता और विकास का संकल्प लिया।

केंद्र सरकार द्वारा चलाया जा रहा "हर घर तिरंगा अभियान" का उद्देश्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर हर घर में तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति को बढ़ावा देना है। अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त तक देशभर में मनाया जा रहा है।

## आज राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ भाजपा निकालेगी भव्य तिरंगा यात्रा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

भारत की आजादी के ८०वें वर्ष की गौरवपूर्ण यात्रा को समर्पित, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में मंगलवार को शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश होगा। यात्रा दोपहर ३ बजे गणेश मंदिर से शुरू होगी।

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आह्वान पर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस पर 10 से 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। देश की आजादी के पर्व को जिलेभर में उमंग-उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर निकलने वाली ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा यात्रा सभी वर्ग के लोग, स्वयंसेवी संस्था, भूतपूर्व सैनिक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, संस्था के पदाधिकारी शामिल होंगे। यात्रा जिला संयोजक प्रकाश पाटीदार ने बताया दोपहर 3 बजे तिरंगा बाईक रैली निकाली जाएगी। यात्रा कुंदा तट स्थित श्री सिद्धी विनायक मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद शुरू होगी। इसमें देशभक्ति पर आधारित झांकियां भी शामिल होगी। जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कि यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी, सुरेंद्र शर्मा, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी श्रीमती संगीता सोनी, सांसद गजेंद्र पटेल, खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, बड़वाह विधायक सचिन बिरला भी शामिल होंगे। यात्रा से पूर्व दोपहर 12 बजे भाजपा कार्यालय पर एकत्रीकरण होगा। यहां प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिला बैठक आहुत की जाएगी।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खंडवा।** मोघट रोड पुलिस ने ग्राम अजंटी के पास कार्रवाई करते हुए अमरसिंह उर्फ अमरु को अवैध शराब के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 10 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 1500 रुपये है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्रवाई की गई।

## पंधाना में 8 लीटर कच्ची महुआ जब्त

**पंधाना।** पुलिस ने ग्राम टाकलीकला में आरोपी गणेश पिता कचरू भास्कर के खेत से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत करीब 800 रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर नोटिस पर रिहा किया गया।



## मेक्रो विजन एकेडमी की अंडर-14 बालिका कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण

**बुरहानपुर।** देवास के पायनियर पब्लिक स्कूल में ६ से ९ अगस्त तक आयोजित "सीबीएसई समूह कबड्डी प्रतियोगिता" में मेक्रो विजन एकेडमी, बुरहानपुर की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रदेशभर के सीबीएसई स्कूलों की टीमों के बीच हुए इस कड़े मुकाबले में एकेडमी की बालिकाओं ने बेहतरीन खेल दिखाया। प्रतियोगिता के अंडर-14 बालिका वर्ग में मेक्रो विजन एकेडमी की टीम ने बेहतर रणनीति और टीम भावना के दम पर फाइनल मुकाबला जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस जीत के साथ ही टीम ने अक्टूबर में हरिद्वार, उत्तराखंड में होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए भी जगह बना ली है।वहीं अंडर-17 बालिका वर्ग में भी बुरहानपुर की बेटियों ने दमदार खेल दिखाया और उपविजेता बनकर रजत पदक जीता।

## पंधाना में निकली भव्य तिरंगा रैली, हर घर तिरंगा अभियान का हुआ शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

हर घर तिरंगा अभियानज के तहत रविवार 9 अगस्त को पंधाना से तिरंगा रैली का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 9 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में देशभक्ति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इसी क्रम में पंधाना नगर परिषद द्वारा पंधाना विधायक छाया गोविंद मोरे के नेतृत्व में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत पंधाना के महाराणा प्रताप चौराहे से प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जनपद पंचायत पंधाना कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। तिरंगा रैली के दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा, अम्बेडकर प्रतिमा और गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। तिरंगा रैली में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जगधन्ने, मंडल अध्यक्ष फकीर चंद कुशवाहा,सेवादास पटेल पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष , प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट श्याम गंगराड़े, सत्येंद्र चौहान जिला उपाध्यक्ष , अमर यादव, डॉ. शिवशंकर गुर्जर, धमेन्द्र दांगोडे अजजा जिला अध्यक्ष, बंटी राठौर मंडल महामंत्री, यश मालवीया ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष, टाइगर गोलकर, जितेंद्र पटेल, वासुदेव वाले सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधि, उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का युवाओं ने किया स्वागत

**खंडवा।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा के खंडवा आगमन पर युवा कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। बैठक में विधायक कंचन मुकेश तनवे, महापौर अमृता अमर यादव सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। सुरेंद्र शर्मा ने युवा मोर्चा कार्यकताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। उन्होंने ९ से १७ अगस्त तक आयोजित तिरंगा यात्रा पर्व में युवाओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सागर अरतानी ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**संख्या : GEM/2026/B/7894330, दिनांक : 08.08.2026**

**कार्य का नाम एवं स्थान :** कोचिंग डिपो इंदौर (IND) एवं कोचिंग डिपो डॉ. अंबेडकर नगर (DADN) में 01 वर्ष की अवधि हेतु डेटा एंटी ऑपरेटरों उपलब्ध कराने संबंधी कार्य – IND/DADN, **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 76,92,572.46/-, **बयाना राशि :** ₹ 1,53,850/-, **समापन अवधि :** एलओए जारी होने की तिथि से 01 वर्ष, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी :** कार्यालय – वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर, **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय :** 09.09.2026 15:00 तक, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** निविदाएं GEM वेबसाईट (www.gem.gov.in) पर देखी जा सकती है।

ADM/197

Follow us on: twitter.com/WesternRly




## 12वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में आयोजित 12वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन हो गया है। जिला स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन के पदाधिकारी विजय कोठारी के अनुसार, प्रतियोगिता में जिलेभर से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी-अपनी भार श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। ओवरऑल स्पर्धा में अल्फा इंटरनेशनल स्कूल शामगढ़ प्रथम, पैरामाउंट एकेडमी सीतामऊ द्वितीय तथा आईपीएस इंग्लिश स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर में खेल प्रतिभाओं की भरमार है और संस्था द्वारा बीते 30 वर्षों से दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी नारू खा मेव ने कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला गोयल, प्राचार्य के. सी. सोलंकी, और दुर्गेश बेलानी बतौर अतिथि मंच पर उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र सौंपे। प्रतियोगिता का सफल संचालन कराने वाले रेफरी दल और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव गगन कुरील ने किया तथा आभार प्रदर्शन टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम ने व्यक्त किया।

## अज्ञात बदमाशों ने दो बैल चुराए

**खंडवा।** पिपलोद थाना क्षेत्र के ग्राम कौड़ीखेड़ा में घर के बाहर बंधे दो बैल अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस के अनुसार फरियादी अनारसिंग पिता तेजसिंह परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जुलाई की रात से 6 जुलाई की मध्यरात्रि के बीच उसके घर के बाहर बंधे करीब 50 हजार रुपये कीमत के दो बैल चोरी हो गए। आसपास तलाश के बाद भी बैलों का पता नहीं चलने पर 8 अगस्त को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## मैक्स पिकअप के तीन टायर चोरी

**नर्मदानगर।** शीतला मंदिर परिसर के समीप खड़ी मैक्स पिकअप के तीन टायर मय डिस्क चोरी हो गए। पुलिस के अनुसार सीहोर जिले के आष्टा निवासी जगदीश मकवाणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 अगस्त की रात करीब 1 से 5 बजे के बीच अज्ञात आरोपी वाहन के आगे के दोनों टायर मय डिस्क और एक स्टेपनी चोरी कर ले गया।

**पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी**

ईएम आरएस के पास बड़वानी म.प्र.-451551

PM SHRI KENDRIYA VIDVALAYA BARWANI

NEAR EMRS BARWANI (M.P.)451551

STN CODE 624 KV CODE-2093 Phone- 07290-299065

Email- ppi kv barwani@gamil.com

Website- badwani.kvs.ac.in

CBSE AFFIATION NO-100054 SCHOOL NO- 54145 UDISE CODE 23280309669

**साक्षात्कार सूचना (सत्र 2026-27)**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बड़वानी में सत्र 2026-27 के लिये अध्यापन हेतु पूर्णतः अंशकालीन अनुबंध के आधार पर वर्तमान रिक्तियों के विरुद्ध निम्न लिखित पदों के लिये उम्मीदवारों का पैनल बनाने हेतु विद्यालय में दिनांक 18.08.2026 को प्रातः 11 से वाक इन इंटरव्यू आयोजित किया गया है।

| क्रं. | पद |
|---|---|
| 1. | पीजीटी - अंग्रेजी |
| 2. | पीजीटी - जीव विज्ञान |
| 3. | टीजीटी - अंग्रेजी |
| 4. | बालवाटिका अध्यापक |
| 5. | आत्मरक्षा प्रशिक्षक |

योग्यता एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु विद्यालय के सूचना पटल या विद्यालय की वेबसाईट htttps://badwani.kvs.ac.in/ का अवलोकन करें। सभी पदों के लिए पंजीयन एवं आवेदन दिनांक 11.08.2026 से 18.08.2026 9.00 एएम तक सिर्फ संविदा साथी पोर्टल की वेबसाईट htttps://samvida-sathi.kvs.gov.in/ के माध्यम से स्वीकार किये जावेंगे। आवेदन का प्रिंट एवं संबंधित मूल दस्तावेजों एवं उनकी स्वप्रमाणित छाया प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि को साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो।

नोट- 1. उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु कोई भी यात्रा/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

2- वेतन एवं सेवा की शर्ते के.वि.सं. के नियमानुसार होगी।

प्राचार्य

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, बड़वानी

# दान ही असली धर्म



जैसे शिवजी के गले के आसपास नाग डोलते हैं, वैसे धन के आसपास गलतफहमियां घिरी रहती हैं। धन बड़ा पेचीदा मामला बना हुआ है। एक तरफ लोग धन के लालच में डूबे जा रहे हैं, लेकिन साथ ही अपराध-बोध से भरे रहते हैं, क्योंकि धर्म सिखाते हैं कि लालच बुरा है। धन आध्यात्मिकता के खिलाफ है, क्योंकि त्याग और दान ही असली धर्म है।

इस दोहरे मापदंड से लोग न तो धन का आनंद ले पाते हैं, न उसे छोड़ पाते हैं। ओशो पहले बुद्ध पुरुष हैं, जिन्होंने खुलकर धन का सम्मान किया और वे एक अमीर जीवन शैली जिए। उन्होंने आध्यात्मिकता की परिभाषा ही बदल दी, साफ कहा कि मैं धन का सम्मान करता हूं। धन मनुष्य के सबसे महान आविष्कारों में से एक है, लेकिन यह कभी मत भूलना कि यह केवल एक माध्यम है। सिर्फ नासमझों ने ही इसकी निंदा की है; शायद वे इस बात से ईर्ष्यालु थे कि दूसरों के पास पैसा है और उनके पास नहीं है। उनकी ईर्ष्या ही उनकी निंदा बन गई।

धन एक अद्भुत आविष्कार है। धन के बारे में थोपे गए सभी विचारों को छोड़ दें, इसके प्रति सम्मानजनक रहें। धन का सृजन करें, क्योंकि इसके बाद ही आपके कई अन्य आयाम खुलते हैं। गरीब आदमी के लिए सभी दरवाजे बंद हैं। धन ने मानवता की बहुत बड़ी सेवा की, क्योंकि लोग खरीदने और बेचने में सक्षम हो गए, वे अधिक से अधिक समृद्ध होते गए। इसे समझना होगा।

पैसा जितना अधिक गति करता है, चलता रहता है, आपके पास उतना ही अधिक पैसा होता है। इसीलिए पैसे को ह्यकरेंसीह्न कहा जाता है। इसे ह्यकरंटह्न, यानी, एक धारा की तरह बहते रहना चाहिए। भारत में कहते हैं लक्ष्मी चंचला



## सम्पादकीय

# एयर टैक्सी की ओर

भारतीय आकाश में इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा का सपना साकार होने की ओर बढ़ चला है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने विश्वास जताया है कि भारत में 2028 तक इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी सेवा शुरू हो जाएगी। इस उभरती तकनीक के जमीनी परीक्षण में अगले साल तेजी आ जाएगी। बेंगलुरु में एक आधुनिक उपक्रम सरला एविएशन के नए मुख्यालय के उद्घाटन के मौके पर नायडू ने पूरे उत्साह से सूचित किया कि ये एयर टैक्सी वास्तव में इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ एंड लैंडिंग (ईवीटीओएल) यान होगी। ऐसे यान या एयर टैक्सी का इस्तेमाल भारत के भीड़ भरे महानगरों के ज्यादा मुफीद होगा। इन शहरों की सड़कों पर अक्सर जाम की स्थिति रहती है। जब किसी को जल्दी होगी, तब एयर टैक्सी काम आएगी। कबड्डी खेलने बराबर जगह पर यह टैक्सी आसमान से जमीन पर सीधे उतर सकेगी और सीधे ऊपर उठकर मंजिल की ओर उड़ सकेगी।

गौर करने की बात है, सरला एविएशन ने एयर टैक्सी के मॉडल तैयार किए हैं और अगले साल कंपनी परीक्षण का काम शुरू कर देगी। टैक्सी के विकास और परीक्षण पर सरकार की पूरी नजर है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय व विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) परीक्षण, सुरक्षा और नियमों पर उद्योग के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। एयर टैक्सी के आकार-प्रकार को मंजूरी मिल गई है। कोई आश्चर्य नहीं, इसमें ड्रोन, हेलीकॉप्टर और पारंपरिक विमान की तकनीक का समायोजन होगा। पावर्ड लिफ्ट के रूप में वर्गीकृत इस टैक्सी में पायलट सहित छह लोग सवार हो सकेंगे। इसमें सात इलेक्ट्रिक मोटर का इस्तेमाल होगा। छह मोटर इसे ऊपर उठाने या उठाए रखने के साथ ही नीचे लाने का काम करेंगे, जबकि एक मोटर इसे आगे बढ़ाने या पीछे करने के लिए समर्पित रहेगा। यह टैक्सी किसी प्रकार के तरल या गैस ईंधन से नहीं, सुरक्षित ऊर्जा- इलेक्ट्रिक या बैटरी से चलेगी। इसके अलावा इसमें एक ऐसे जनरेटर को जोड़ने की सुविधा शामिल की जा सकती है, जिससे चलते-उड़ते इसकी बैटरी को चार्ज करना संभव हो जाएगा। यह एक बेहतरीन नवाचार है, जिसकी मदद भारत के अनेक निवेशक व उद्यमी कर रहे हैं। यह तकनीक पूरी तरह से भारत में विकसित हो रही है।

## झारखंड का छात्र आंदोलन

# सवाल सिर्फ परीक्षा का नहीं, व्यवस्था के भरोसे का है



शुभम दुबे
(दैनिक अवन्तिका)

दिल्ली के जंतर मंतर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद अब झारखंड की राजधानी रांची इन दिनों केवल प्रशासनिक गतिविधियों का केंद्र नहीं दूसरा जंतर मंतर बनी हुई है। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में 25 जुलाई से चल रहा छात्र आंदोलन उस बेचैनी की आवाज बन गया है, जो वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं के मन में पल रही है। छात्रों का आरोप है कि झारखंड लोक सेवा आयोग यानी जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग यानी जेएसएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक और व्यापक अनियमितताओं ने उनकी मेहनत, समय और भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनकी मांग है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई से कराई जाए, संदिग्ध परीक्षाओं को रद्द किया जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। यह आंदोलन महज कुछ परीक्षाओं को लेकर छात्रों का आक्रोश नहीं है। इसके भीतर उस व्यवस्था के प्रति अविश्वास दिखाई देता है, जिसमें एक सामान्य मध्यमवर्गीय या गरीब परिवार का युवा वर्षों तक किताबों के बीच अपना जीवन खपा देता है। वह सरकारी नौकरी को केवल रोजगार नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा, परिवार के भविष्य और अपनी मेहनत की सफलता का माध्यम मानता है। ऐसे में यदि उसे यह महसूस होने लगे कि परीक्षा में उसकी मेहनत से ज्यादा प्रभाव किसी लीक, सिफारिश, भ्रष्टाचार या प्रशासनिक लापरवाही का है, तो समस्या केवल एक परीक्षा की नहीं रहती; वह लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का प्रश्न बन जाती है।

छात्रों की प्रमुख मांगों में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच, प्रभावित परीक्षाओं-जिनमें 14वीं जेपीएससी और जेएसएससी-सीजीएल जैसी परीक्षाओं का उल्लेख किया जा रहा है-की निष्पक्ष समीक्षा तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें रद्द कर दोबारा आयोजित करना शामिल है। छात्र यह भी चाहते हैं कि परीक्षा संचालन प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए और जिन लोगों की भूमिका अनियमितताओं में सामने आती है, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई हो। सवाल यह है कि सरकार इस आक्रोश को केवल आंदोलन मानकर देखेगी या इसे व्यवस्था में सुधार का अवसर बनाएगी? प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने वाला छात्र यदि एक उत्तर गलत लिख देता है तो उसका परिणाम बदल सकता है। लेकिन जब परीक्षा व्यवस्था में ही गंभीर त्रुटि हो जाए तो हजारों छात्रों के परिणाम बदल जाते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि छात्र की गलती के लिए कोई माफी नहीं होती, जबकि व्यवस्था की गलती का खामियाजा वर्षों तक छात्रों को भुगतना पड़ता है।

एक छात्र परीक्षा के लिए वर्षों तैयारी करता है। महंगी कोचिंग लेने की क्षमता न हो तो वह पुस्तकालय, हॉस्टल, किराए के कमरे या घर के एक छोटे से हिस्से में बैठकर तैयारी करता है। कई छात्र उम्र की सीमा के कारण अंतिम अवसर पर परीक्षा देते हैं। ऐसे में परीक्षा के बाद यदि पेपर लीक, प्रश्नपत्र की गोपनीयता, उत्तर पुस्तिका, परिणाम या चयन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठते हैं तो उस छात्र की स्थिति को समझना आवश्यक है।उसके लिए यह सिर्फ एक परीक्षा नहीं है। उसके पीछे उसके माता-पिता की उम्मीदें, परिवार की आर्थिक परिस्थितियां और उसके जीवन के कई वर्ष जुड़े होते हैं। यही कारण है कि सरकार को छात्रों के आक्रोश को राजनीतिक चश्मे से देखने के बजाय प्रशासनिक और मानवीय दृष्टि से देखना चाहिए।

छात्रों की सबसे प्रमुख मांग सीबीआई जांच की है। यहां सरकार के सामने दोहरी चुनौती है। पहली चुनौती यह तय करना कि क्या मौजूदा जांच व्यवस्था छात्रों का विश्वास हासिल करने में सक्षम है। दूसरी चुनौती यह है कि यदि सरकार को अपनी जांच पर पूरा भरोसा है तो उसे जांच की पारदर्शिता को लेकर छात्रों की आशंकाओं का समाधान कैसे करना है। बताया गया है कि झारखंड सीआईडी कथित अनियमितताओं की जांच कर रही है। जांच के दौरान जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांगते से पूछताछ की गई है और अब तक 19 लोगों की गिरफ्तारी की बात सामने आई है। यदि जांच में गिरफ्तारियां हुई हैं तो यह संकेत है कि मामला प्रशासन के लिए गंभीर है। लेकिन गिरफ्तारी अपने आप में अंतिम निष्कर्ष नहीं होती। असली सवाल यह है कि कथित अनियमितताओं का पूरा नेटवर्क क्या था? प्रश्नपत्र या परीक्षा प्रक्रिया से छेड़छाड़ किस स्तर पर हुई? किसे लाभ मिला? किसने आर्थिक या प्रशासनिक लाभ उठाया? और क्या इसमें कोई संगठित गिरोह शामिल था? सीबीआई जांच की मांग को केवल राजनीतिक दबाव या प्रशासन पर अविश्वास के रूप में खारिज कर देना भी उचित नहीं होगा। यदि छात्रों का एक बड़ा वर्ग किसी जांच एजेंसी पर भरोसा नहीं कर रहा है तो सरकार को उस अविश्वास के कारणों को समझना चाहिए।लोकतंत्र में जांच की निष्पक्षता जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है उसका निष्पक्ष दिखाई देना। छात्रों की मांगों में संदिग्ध अथवा प्रभावित परीक्षाओं को रद्द करने की बात भी है। यह मांग भावनात्मक रूप से समझ में आती है, लेकिन इसके साथ एक कठिन प्रशासनिक प्रश्न जुड़ा है। यदि परीक्षा में व्यापक स्तर पर गड़बड़ी प्रमाणित होती है तो परीक्षा को रद्द करना आवश्यक हो सकता है। लेकिन यदि केवल कुछ केंद्रों या कुछ अभ्यर्थियों तक अनियमितता सीमित है तो क्या लाखों अभ्यर्थियों की पूरी परीक्षा रद्द कर दी जाए? यह फैसला केवल राजनीतिक दबाव में नहीं, ठोस जांच और प्रमाणों के आधार पर होना चाहिए।क्योंकि परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल प्रश्नपत्र दोबारा छपना नहीं है। इसका अर्थ है हजारों छात्रों के कई महीने या कई वर्ष फिर से परीक्षा की तैयारी में लगना। उम्र सीमा के करीब पहुंच चुके अभ्यर्थियों के लिए यह फैसला और भी गंभीर हो सकता है।इसलिए सरकार को एक स्पष्ट, वैज्ञानिक और पारदर्शी मानक बनाना चाहिए-किस परिस्थिति में परीक्षा रद्द होगी, किस स्थिति में प्रभावित केंद्रों की परीक्षा दोबारा होगी और किस स्थिति में केवल दोषी अभ्यर्थियों या अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नियम स्पष्ट होंगे तो विवाद कम होंगे।

छात्रों से बातचीत के लिए झारखंड सरकार द्वारा चार सदस्यीय दल गठित किया जाना सकारात्मक कदम माना जा सकता है। इससे कम से कम संवाद का रास्ता खुला है। छात्रों ने भी बातचीत के लिए तैयार होने की बात कही है। यही वह अवसर है जहां सरकार को अपनी संवेदनशीलता और प्रशासनिक क्षमता दोनों दिखानी होंगी।

## जंग लगी चाबी

कस्बे के सौ साल पुराने डाकघर की सीलन भरी दीवार पर लोहे की एक बड़ी सी जंग लगी चाबी वैसे ही लटकी रहती थी, जैसे सरकारी दफ्तरों की फाइलों पर ईमानदारी लटकी रहती है। लाल ईंटों की उधड़ती सफेदी के बीच वह चाबी उस पूरे इलाके के लिए कौतूहल का केंद्र थी, क्योंकि इस मुल्क में लोग ठोस रोटी से ज्यादा रहस्यमयी भूख पर यकीन करते हैं। गाँव का हर इंसान जब भी रजिस्ट्री कराने आता, तो उस चाबी को ऐसे देखता मानो वह कोई चाबी नहीं, बल्कि सीधे स्वर्ग जाने का शॉर्टकट हो। डाकघर के बाहर नीम के पेड़ की छाँव में बदरी काका सुबह नौ बजे ही अपनी ड्यूटी संभाल लेते थे, जैसे भ्रष्टाचार अपनी कुर्सी संभालता है। सफेद खद्दर पहने वे उस चाबी को ऐसे निहारते, जैसे कोई नेता चुनाव जीतने के बाद अपनी कुर्सी को देखता है। नए डाकिया साहब उन्हें देखकर चकित होते, पर काका अपनी डायरी में कुछ न कुछ दर्ज करते रहते थे, शायद उन वादों की लिस्ट जो कभी पूरे नहीं होने थे। गाँव के नौजवान पूछते, काका, इससे कौन सा खजाना खुलेगा? तो काका वैसी ही रहस्यमयी मुस्कान बिखेर देते जैसी वित्त मंत्री बजट पेश करने से पहले बिखेरते हैं और कहते, बेटा, इसमें गाँव की सांसें बंद हैं। असल में भारत में उम्मीद वह गाजर है, जिसे गधा जिंदगी भर पकड़ने की कोशिश में दौड़ता रहता है।

डाकघर के नए पोस्टमास्टर सत्यप्रकाश जी नियम-कानून के उतने ही पक्के थे, जितना कि एक बेईमान आदमी अपनी कमीशन के लिए होता है। उन्हें बदरी काका का यह रोज का ड्रामा वैसे ही अखरता था, जैसे किसी ईमानदार को सच। एक दिन उन्होंने कड़क कर पूछा, काका, यहाँ क्यों भीड़ लगाते हो? अगर पेंशन का मामला है तो बताओ, वरना सरकारी काम में बाधा मत डालो। सरकारी काम में बाधा डालना इस देश में सबसे बड़ा पाप है, भले ही वह काम खुद किसी बाधा से कम न हो।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 11 अगस्त 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:06 सूर्यास्त 18:59
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल- 15:00 से 16:30 तक
तिथि- चतुर्दशी 25:53 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - पुनर्वसु 10:09 उपरांत पुष्य
योग - सिद्धि 18:52 उपरांत व्यतिपात
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कर्क में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 27 तारिख

**मेष-** व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी।

**वृषभ-** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। कुसंगति से बचें।

**मिथुन-** नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें।

**कर्क-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**सिंह-** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। धनार्जन होगा।

**कन्या-** आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक-** पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**धनु-** चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। थकान महसूस होगी।

**मकर-** यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**कुंभ-** थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे।

**मीन-** धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। प्लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

# सियाहीं फेंककर विचारों को रोकने की आपराधिक



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

झारखण्ड मे आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा वोरा पर स्याही फेंके जाने की सर्वत्र निंदा हो रही हैं। स्याही फेंकने का यह कृत्य बिना किसी तर्क वितर्क के निंदनीय हैं, इस कृत्य का समर्थन नहीं किया जा सकता यह एक प्रकार की हिंसा हैं जो कुंठित और तानाशाही प्रवृत्ती के विचारों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस तानाशाही, हिंसक, अप्रजातांत्रिक तथा आपराधिक विचार का समाज मे कोई स्थान नहीं हैं। स्याही लिखने और विचारों के प्रदर्शन की सामग्री हैं, किन्तु इसका इस्तेमाल विचारों को दबाने के लिए किया जाना उचित नहीं है। देश मे स्याही फेंकने की यह एकमात्र घटना नई नहीं हैं। इससे पूर्व भी स्वतंत्र विचारों को रोकने के लिए इस हथकंडे का इस्तेमाल किया जा चूका हैं। अभी काकरोच जनता पार्टी के संस्थापक दीपक डिमके पर जयपुर भी ऐसी ही घटना को अंजाम दिया गया।

लोकतंत्र मे विचार व्यक्त करने की स्वतन्त्रता हैं, इसे बाधित नहीं किया जा सकता स्याही फेंकने वाले आपराधिक तत्व और इसके समर्थक विरोधी विचार को दबाने के लिए इस अलोकतांत्रिक अपराध का इस्तेमाल करते हैं।

लोकतंत्र में विचारों का मुकाबला सिर्फ विचार से ही किया जाता हैं, राजनैतिक दल उसके नेता और समर्थक अपने विचारों को व्यक्त करते हैं। क्या अपने विरोधी विचार पर स्याही फेंककर उसे विचार व्यक्त करने से रोका जा सकता हैं, कतई नहीं, इस प्रकार की घटना एक प्रकार की शारारिक हिंसा हैं। भारत का संविधान अपने नागरिकों को वाक एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता का मौलिक अधिकार देता हैं जिसका अर्थ हैं बोलकर, लिखकर, छपाई या चित्रों के माध्यम से स्वतंत्र रूप से विचार प्रकट करना। किन्तु संविधान की किसी धारा में स्याही फेंककर विचारों को रोकने या बाधित करने का कोई जिक्र नहीं हैं। इसका सीधा अर्थ हैं। लोकतंत्र में इसका कोई स्थान नहीं हैं ऐसा करना लोकतंत्र के खिलाफ हैं।

विचार व्यक्त करने की इस स्वतन्त्रता पर दुनियां के राजनैतिक विद्वानो ने अपने विचार व्यक्त किये हैं जान स्टूअर्ट मिल अपनी किताब आन लिबर्टी में लिखते हैं 'विचारो पर कभी रोक नहीं लगानी चाहिए। यदि कोई गलत विचार भी है, तो उसे बोलने की छूट होनी चाहिए, क्योंकि खुलकर चर्चा करने से ही सत्य सामने आता है और उसकी सच्चाई पुष्ट होती है।'

सीधा अर्थ है विचार व्यक्त होने के उपरांत ही समझे जा सकते है, किन्तु उसे रोका नहीं जाना चाहिए फिर उस विचार से असहमति क्यों न हो। विचार व्यक्त करने की स्वतन्त्रता के पक्ष में विद्वान बेंजामीन फ्रेंकलिन लिखते है 'विचारो की स्वतन्त्रता के बिना किसी भी तरह का ज्ञान सम्भव नहीं है और अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता के बिना समाज में वास्तविक सार्वजनिक स्वतन्त्रता नहीं हो सकती है।' इसी बात को जान मिलटन कुछ इस अंदाज में व्यक्त करते है उनके अनुसार सत्य और असत्य को खुले मैदान लड़ने देना चाहिए। सत्य कभी भी खुली बहस या मुकाबल में हारता नहीं है।

विचार व्यक्त करने की स्वतन्त्रता के बारे में जो इन विचारकों ने लिखा है। स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माताओं ने इसे संविधान के अनुच्छेद में शामिल करते हुए अपने नागरिकों को यह स्वतन्त्रता उपलब्ध कराई है। विचारों पर असहमति हो सकती है, किन्तु असहमति का निराकरण श्रेष्ठ विचार से होना चाहिए न किसी हिंसक विचार से किया जाना चाहिए। भारत में सांस्कृतिक एवं राजनैतिक विविधता व्याप्त है, इन विविधताओं और भिन्नताओं के उपरांत भी देश के संविधान में उल्लेखित विचारों का समान रूप से सम्मान करने की भावना आमजन में मौजूद है।

## मालवी लघुकथा

# तिलक कीदो खार में



भगवती प्रसाद गेहलोत
(दैनिक अवन्तिका)

पुराना जमाना की बात है । एक गाम में जमादार के घरे वरात आई । पास का गाम का माराज परणावा वातर घणी देर ती आया कोनी परणावा को टेम निकरी जईरयो थो । जमादार ने गाम का दो समझूं जणा ने पड़ोस का गाम में महाराज ने लेवा वातर मोक्ल्या।

दोई जणा गाम में पोंच्या तो माराज मल्या कोनी । के दूसरा गाम ग्या था । दोई जणा ने सोच्यो माराज नी लईजावांगा तो जमींदारबा नाराज वईजागा । या सोचता सोचता पाचा चाली पड़्या। एक दूसराती बोल्यौ, ' अबे कई करां।' दूसरो बोल्यौ,' कइ ने कई करांगा सोचवा दे ।'

दोई जणा चालता चालता गाम के बाने खार में ती निकरी रया था कि एक ओलखाण -पिचाण को एक जणो माराज सरीखो खार में मल्यो । वणां ने राम राम , श्याम श्याम करी ने वणका हाल चाल पुछी ने एक बोल्यो , 'काओ म्हाको एक काम कर दोगा कई?'

'कई काम ? '

म्हाका जमींदार के यहाँ वरात आईगी ने पण्णावा वारा माराज मल्या कोनी ने लाड़ा - लाड़ी टेम पर पण्णाणा है। '

' पर मूं तो कई जाणूं कोनी ।'

'कई वात नी चिंता मत करो धोती-कुर्तो तो तमाने पेरीज मेल्यो , बस मूं जसो जसो कुं वसो वसों कर दीजो जादा बोलजो मत बाकी मी हमार लांगा , दक्षिणा भी हऊ मलीजागा ।'

पिचाण वारा ने हामी भर ली तो बणके दायां कांधा पे लाल अंगोछो नाखी दीदो और आपणा झोला में ती कंकु की डाबी निकारी ने वणके माथा पर तिलक करदयो । बालां में चोटी के गांठ लगई दी ने वणके बायां कांधा पे आपणो झोलो टांगी ने समझई दयो कि किसतर कई कई करनो । वणने लई ने जमींदार के ठिकाणा पर पोच्या तो घराती ने माराज के प्रणाम करी ने धोक दियो ने लाड़ा-लाड़ी ने पन्नावा वातर चंवरया में बैठईद्या

माराज ने मन मन में होट चलई ने लाड़ा-लाड़ी के हाथ में हाथ दई ने अंतरवासो बांधी द्यो ने फेरा देवाड़वा लागा तो एक जणों बोल्यो , ' माराज हवन तो शुरू करो ।' हां अबे करांगा । चेताओ चेताओ हवन चेताओ । हवन चेती ग्यो। महाराज ने स्वाहा, स्वाहा करीने , ' बोल्या लाड़ा-लाड़ी सावधान, फेरा में लगाओ ध्यान ' ने फेरा लगई दिदा तो एक जणो बोल्यो माराज शुरूती उल्टा फेरा कां दीदा । ' या नई विधि है , एक दाण फेर फेरा करांवागा या कही ने जल्दी ती माडो सम्पन्न करी दयो। घर घणी ती बोल्या दन उगवा पेलां म्हारे जाणो हे । घर धणी दक्षिणा दईने विदा करता तकां बोल्या , काओ माराज बरात विदा करवा को मोरत भी निकाल दो। '

वणाके लाया जणां में से एक बोल्यो , टीपणा में देखी ने म्हाने वतई देगा , अबार अणाने जावा दो । ।'

गाम का एक जणां ने समझू के एकाड़ी लई जई ने धीरे ती क्यो, ' काओ अणाने यो मांडो इतर-कितर करायो। '

' अबे बोलो मती जो वईगयो ऊ वई गयो ने कणती कीजो मत। अणाको तिलक कीदो खार में ने माराज वण्या उबतार में ।

**शिक्षा -**

जिसका जो काम नहीं है उसे जल्द बाजी तैयार कर वो काम करवाना जो वो नहीं कर सकता तो काम उल्टा - सीधा होना ही है। इसलिए अपात्र को काम नहीं सोंपना चाहिए।

## धर्म-आस्था

# शिवजी बिल्वपत्र चढ़ाने से होते हैं प्रसन्न



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)



शिवजी को प्रिय वस्तुएँ यथा त्रिनेत्र, त्रिशूल, त्रिपुंड के अतिरिक्त बिल्वपत्र भी विशेष प्रिय है। बिल्वपत्र में तीन पत्र होते हैं। शिवजी को तीन पत्ते वाला बिल्व पत्र ही चढ़ाया जाता है। बिल्व पत्र चढ़ाने से शिवजी विशेष रूप से प्रसन्न होते हैं। श्रावण मास, महाशिवरात्रि और महिलाओं के सौभाग्य का व्रत हरतालिका पूजन में तो बिल्व पत्र का विशेष महत्व रहता है। समुद्र मंथन के समय शिवजी ने विष को अपने कंठ में धारण कर लिया था। शिवजी के कंठ की जलन को शांत करने के उद्देश्य से बिल्व पत्र चढ़ाये जाते हैं।

बिल्व पत्र शिवजी को चढ़ाते समय यह श्लोक बोलते हैं-

'त्रिदलं त्रिगुणाकारं त्रिनेत्रंच त्रिधायुतम।
त्रिजन्मपापसंहारं बिल्वंपत्रं शिवार्पणर्म।।

पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार पार्वती के स्वेद बिन्दु जहाँ-जहाँ गिरे वहाँ-वहाँ बिल्व पत्र के वृक्ष उत्पन्न हुए। अतः भगवान शिव को बिल्व पत्र विशेष रूप से प्रिय है। इसलिए भक्तगण बिल्व पत्र को विशेष रूप से अर्पित करते हैं। बिल्व पत्र अर्पित करने के कुछ नियम होते हैं। बिल्व पत्र चिकना होना चाहिए। इसके पत्ते खंडित नहीं होना चाहिए। खंडित बिल्व पत्र का पूजन में निषेध है। कई भक्तगण शिवजी को बिल्व पत्र की माला तथा आक के फूलों की माला अर्पित करते हैं। यदि किसी कारणवश बिल्व पत्र उपलब्ध न हो तो अर्पित बिल्व पत्रों को जल से धोकर भी चढ़ाये जा सकते हैं।

अर्पिता न्यर्पि बिल्वानि
प्रक्षाल्यापि पुनः पुनः
शंकरायार्पणीयानि
न नवानि यदि क्वचित।।
(स्कंदपुराण आचेरेन्दू पृष्ठ 165)

बिल्व पत्र की तीन पत्तियाँ ब्रह्मा, विष्णु और महेश के द्योतक हैं। ये त्रिदोष- वात, पित्त और कफ का संतुलन बना कर रखते हैं। पाचन क्रिया में भी उपयोगी है। कुछ बिल्व वृक्षों में पाँच पत्ते वाले बिल्व पत्र होते हैं। शिव पूजन में उल्टा बिल्व पत्र चढ़ाने का विधान है। इसका विशेष महत्व होता है।

शिवपूजन के अतिरिक्त बिल्व पत्रों का औषधि के रूप में भी उपयोग किया जाता है। आयुर्वेद में बिल्व पत्रों का विशेष महत्व है। जीर्ण ज्वर तथा विष की जलन में इसके पत्ते का काढ़ा बनाकर व्यक्ति को पिलाया जाता है। इसके गूदे से शरबत बनाया जाता है। उदर रोगों में भी यह उपयोगी है।

बिल्व पत्र का पौधा घर में लगाने से वातारवण सुखद रहता है। यदि संभव हो तो घर के गमले में खाद डालकर बिल्व फल से बीज निकाल कर उन्हें साफ करके मिट्टी में रोपित (वपन) करके बीजों को अंकुरित कर उनके पौधे बनाए जा सकते हैं। प्रारंभ में इनमें दो ही पत्ते आते हैं। पौधा जब बड़ा होता है तो तीन पत्ते आना प्रारंभ हो जाते हैं। इन्हें बड़े आँगन या समीप के किसी बगीचे में रोपित कर देना ाचहिए। समय-समय पर इनमें सावधानीपूर्वक पानी देते रहना चाहिए। इससे समय-समय पर शिवभक्तों को बिल्व पत्र उपलब्ध होते रहेंगे, जिससे उन्हें आनन्द होगा।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,47,800 रवा- 1,47,600 चांदी- टंच- 2,31,000 पाट- 2,30,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# भारी बारिश से कुंडलियां बांध के 4 गेट खोले निचली बस्तियां डूबीं, घरों में घुसा पानी

## कालीसिंध समेत नदी-नाले उफान पर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

10 अगस्त की अलसुबह करीब 3 से 4 बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश का दौर लगभग सुबह 11 बजे तक जारी रहा। कई घंटों तक हुई तेज बारिश से क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। नदी-नाले उफान पर आ गए, वहीं कई स्थानों से मकान की दीवार गिरने, घरों में पानी भरने और जलभराव की खबरें लगातार सामने आती रहीं। सुबह से ही सोशल मीडिया पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के वीडियो और फोटो लगातार सामने आते रहे। इनमें कहीं सड़कें और रास्ते जलमग्न नजर आए तो कहीं घरों में पानी भरा दिखाई दिया। कुछ स्थानों पर मकान और दीवार गिरने की तस्वीरें भी सामने आई।

### प्रशासन ने दिखाई तत्परता

इसी दौरान खिलचीपुर स्थित जल मंदिर में लोगों के फंसे होने की खबर सोशल मीडिया के माध्यम से सामने आई। सूचना मिलते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राहत एवं बचाव दल को मौके पर भेजा। एनडीआरएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए वहां फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### छापी बांध भी लगभग लबालब

नगर में स्थित छापी बांध भी लगातार बारिश के चलते लगभग भरने की स्थिति में पहुंच गया है। बांध में तेजी से पानी की आवक हो रही है। क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर भी बढ़ गया है। बारिश के चलते खेतों, निचले इलाकों और आवासीय क्षेत्रों में पानी जमा हो गया है। कई रास्तों पर भी जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लगातार बारिश से उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा नदी-नालों, बांधों तथा निचले इलाकों पर निगरानी रखी जा रही है। फिलहाल बारिश का दौर थमने के बाद भी कई स्थानों पर जलभराव और बढ़े हुए जलस्तर की स्थिति बनी हुई है। बारिश से हुए वास्तविक नुकसान का आकलन पानी उतरने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं सोशल मीडिया पर सामने आ रही घटनाओं की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।



सोयतकलां की निचली बस्तियों में कई घरों में पानी घुस गया। जलस्तर बढ़ने पर प्रभावित परिवारों को घरों की छतों पर जाना पड़ा। घरों में रखा खाद्य सामान और घरेलू सामग्री पानी में डूबकर खराब हो गई।

सोयतकलां की निचली बस्तियों में बारिश का पानी घरों में घुसने से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। पानी बढ़ने के बाद कुछ परिवारों को अपनी जान बचाने के लिए घरों की छतों पर चढ़ना पड़ा।पानी भरने से घरों में रखा खाद्य सामान और अन्य घरेलू सामग्री खराब हो गई। प्रभावित परिवारों ने प्रशासन से तत्काल राहत और मदद की मांग की है।

### कुंडलिया बांध के 4 गेट खोले

कुंडलिया बांध के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सोमवार दोपहर 1 बजे 11 में से 4 गेट एक मीटर तक खोले गए। इन गेटों से करीब 616.34 क्यूमेक पानी डाउनस्ट्रीम में छोड़ा गया। पानी छोड़े जाने के बाद प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों को अलर्ट किया है। लोगों से नदी से दूर रहने और सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### जिले में रेड अलर्ट, स्कूलों में अवकाश

सोयतकला-झालावाड़ मार्ग पर जलभराव होने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। कई वाहन पानी में फंस गए, जबकि कुछ वाहन जलमग्न भी हो गए। भारी बारिश की आशंका को देखते हुए मौसम विभाग ने जिले में रेड अलर्ट जारी किया है। कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीणा ने सोमवार को जिले के स्कूलों में अवकाश घोषित किया। प्रशासन ने लोगों से उफनती नदियों, नालों और रपटों को पार नहीं करने तथा उनसे सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की है। 10 अगस्त की सुबह तक जिले में कुल 18 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी थी।

### कालीसिंध समेत नदी-नाले उफान पर

सुसनेर क्षेत्र में कालीसिंध नदी सहित अन्य नदी-नाले भी उफान पर हैं। जीरापुर-सुसनेर मार्ग पर ताखला के त्रिवेणी संगम पर कालीसिंध नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। तेज बहाव के कारण वहां झरने जैसा दृश्य बन गया है। इसे देखने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। हालांकि, प्रशासन ने लोगों से ऐसे खतरनाक स्थानों पर जाने से बचने की अपील की है।



### बिना लैब टेस्ट खाद बेचने के आरोप में मामला दर्ज

**देवास।** देवास में किसानों को मिलने वाली खाद की गुणवत्ता को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री गणेश फास्फेट प्राइवेट लिमिटेड में कृषि विभाग की जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इसके बाद फैक्ट्री मैनेजर दिनेश कुमावत और क्वालिटी कंट्रोलर महेश कुमार के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्र थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। कंपनी पर निर्माण में आवश्यक तत्वों की पूर्ति न करने, रिकॉर्ड नहीं रखने और बिना प्रयोगशाला परीक्षण के उर्वरक बेचने का आरोप है। जांच टीम को फैक्ट्री में एनपीके 12:32:06 ग्रेन्यूलेटेड मिक्सचर फर्टिलाइजर का लगभग 25 मीट्रिक टन स्टॉक मिला। इस खाद का नमूना लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि खाद अमानक पाई जाती है, तो निर्माता और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह कार्रवाई कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिले में उर्वरक निर्माता, विक्रेता और भंडारण केंद्रों की गुणवत्ता जांच के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है।

### कलम से मंच तक कार्यशाला में जलील खान हुए सम्मानित

**आगर-मालवा।** मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग द्वारा 8 अगस्त को कलम से मंच तक कार्यशाला का आयोजन उर्दू अकादमी भोपाल में किया गया। इसमें आगर जिले से जिला समन्वयक जलील खान मुल्तानी भी शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान साहित्य, लेखन और मंचीय अभिव्यक्ति से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डा. नुसरत मेंहदी एवं सहनिदेशक रिजवानुद्दीन फारुखी ने जलील खान मुल्तानी को सम्मानित किया। इस अवसर पर आगर के शायर शब्बीर अहमद, शायर हाजी फखरुद्दीन, अहसान खान मुन्ना भाई और नदीम मुल्तानी भी उपस्थित रहे। आयोजन में साहित्यकारों एवं शायरों ने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

### कोतवाली पहुंचे नागेश यादव अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

**आगर-मालवा।** जिले में हाल ही में पुलिस निरीक्षकों के तबादलों के बाद नलखेड़ा थाना प्रभारी रहे नागेश यादव ने आगर कोतवाली थाना प्रभारी का पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद नवागत टीआई यादव ने कहा कि नगर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। नवागत थाना प्रभारी के सामने नगर में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर चल रहे सट्टे के कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की चुनौती भी रहेगी। नागरिकों को उम्मीद है कि पुलिस इन अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करेगी। टीआई यादव ने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बनाए रखने पर भी जोर रहेगा।

### अभाविप के कुलदीप अध्यक्ष और कमल मंत्री बने

**सोयतकलां।** सोयतकलांअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नगर सोयत की वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अभाविप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य गोविंद पाटीदार मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संगठन के उद्देश्यों, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में बताया। कार्यक्रम में कुलदीप राठौर को नगर अध्यक्ष और कमल दांगी को नगर मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए अन्य कार्यकर्ताओं को भी दायित्व दिए गए। नई कार्यकारिणी की घोषणा से कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। संचालन संजय सोनी व कमल दांगी ने आभार माना।

## शाजापुर में भारी बारिश से पुलिया का हिस्सा धंसा

# बड़े वाहनों की आवाजाही पर लगी रोक, बैरिकेड्स लगाए, अधिकारी मौके पर पहुंचे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर शहर में लगातार बारिश के चलते सोमवार दोपहर मां राजराजेश्वरी मंदिर के पास स्थित बड़ी पुलिया का एक हिस्सा धंस गया। हादसे के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से भारी वाहनों के निकलने पर रोक लगा दी है।

दोपहर करीब 2 बजे पुलिया के कोने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। खबर मिलते ही एसडीएम मनीषा बास्कले, तहसीलदार गौरव पोरवाल और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। हादसों को रोकने के लिए क्षतिग्रस्त हिस्से के आसपास बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं।

यातायात पुलिस ने पुलिया से ट्रक, डंपर और बसों जैसे भारी वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह बैन लगा दिया है। फिलहाल दोपहिया और कार जैसे छोटे वाहनों को ही संभलकर निकलने दिया जा रहा है। रास्ता सीमित होने की वजह से वहां जाम के हालात बन रहे हैं। यातायात थाना प्रभारी मोनिका चौहान ने बताया कि लगातार बारिश और दरार की वजह से यह कदम उठाया गया है।



### मंदिर की दीवार भी क्षतिग्रस्त, नदी की सफाई शुरू

बारिश के कारण मां राजराजेश्वरी मंदिर के पीछे की बाउंड्रीवॉल का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ है। उधर चिल्लर नदी में जलकुंभी और कचरा जमा होने से जलभराव की स्थिति बन रही थी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने बताया कि पानी की निकासी के लिए जेसीबी से नदी की सफाई का काम शुरू करवा दिया गया है।

## आदिवासी प्रकृति दिवस

# पर्यावरण प्रेमियों ने किया पौधा-रोपण कर दिया संरक्षण का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

विश्व आदिवासी दिवस एवं आदिवासी प्रकृति दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। प्रकृति के प्रति जनजागरूकता फैलाने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी की अगुवाई में उनकी पूरी टीम ने पौधारोपण कर समाज को एक अनुकरणीय संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रिटायर्ड प्रोफेसर आत्माराम पाटीदार ने बेलपत्र का पौधा रोपकर अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पांडे ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार हैं। ये न केवल हमें जीवनदायिनी शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि छाया, फल, औषधियां और अनगिनत प्राकृतिक संसाधन भी निःशुल्क उपलब्ध कराते हैं। प्रकृति का जतन करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम में उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने आदिवासी संस्कृति और प्रकृति के अटूट संबंध पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज का प्रकृति के साथ सदियों से गहरा, आत्मीय और निष्ठापूर्ण नाता रहा है। वे न केवल प्रकृति के सहचर हैं, बल्कि उसके सबसे बड़े रक्षक भी हैं। इसके साथ ही अभियान में शामिल सदस्यों ने पौधारोपण के बाद उनके रखरखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि केवल पौधा लगा देना ही काफी नहीं है, बल्कि उस पौधे की नियमित देखभाल करना, उसे पानी देना और उसकी पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करना भी हमारी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है, जितनी कि पौधरोपण करना।

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर रोड

वेस्टर्न सेंट्रल रेल्वे संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में कोटा मंडल से आये मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह खींची, मंडल उप सचिव अनिल सैनी केंद्रिय कार्यकारिणी सदस्य मुकेश चौहान, टी आर डी शाखा कोटा के सचिव के के गौतम उपस्थिति में कार्य करने का गठन किया गया इससे पूर्व पदाधिकारियों एवं रेल्वे कर्मचारि यों ने साफा बांध कर स्वागत किया।

मंडल अध्यक्ष खींची ने शाखा की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जिसमें अध्यक्ष पद पर मनीष सिंह, सचिव शंकर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष मोहन सिंह कोषाध्यक्ष मनमोहन मीणा सगठन सचिव रंजीत पटेल उपध्यक्ष पद पर भनोपा राव, राजेंद्र सिंह, शकील खान, अमित सहायक सचिव श्रवण सिंह, इमरान खान राजेश,दीपक कुमार का स्वागत किया शाखा यूथ विंग का भी गठन किया गया।

# कार की टक्कर से दो गायों की मौत, पनवाड़ी के पास तीन मवेशी घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

नेशनल हाईवे-52 पर रविवार रात करीब 9 बजे सुनेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पनवाड़ी में एक तेज रफ्तार कार सड़क पर बैठे मवेशियों से टकरा गई। इस हादसे में दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गईं। किस्मत होटल के पास हुई यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार दो से तीन बार गुलाटी खाते हुए सीधी खड़ी हो गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, कार की संबंधित टीम को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही सुनेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घायल मवेशियों के इलाज के लिए नेशनल हाईवे-52 की संबंधित टीम को सूचित किया। कार और चालक को थाने ले जाया गया, जहां चालक से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि यह कार टेस्टिंग के लिए इंदौर से शिवपुरी और शिवपुरी से इंदौर की ओर जा रही थी। इसी दौरान पनवाड़ी के पास सड़क पर बैठे मवेशियों से उसकी टक्कर हो गई।

थाना प्रभारी अंकित मुकाती ने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर डायल-112 में पदस्थ आरक्षक अनिरुद्ध मीना और पायलट महेंद्र सिंह जादौन भी मौके पर पहुंचे और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया।

## सारंगपुर में सड़कों पर निराश्रित मवेशियों का डेरा :

# वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

शहर में आवारा मवेशियों की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। प्रमुख और व्यस्त सड़कों पर मवेशियों के झुंड दिखाई दे रहे हैं। कई जगह मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है या फिर मवेशियों के बीच से वाहन निकालना पड़ता है। इससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

शहर के इंदौर नाका से बस स्टैंड नाका, आकोदिया रोड, बस स्टैंड से कॉलेज के सामने तक आवारा मवेशियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में सडक पर बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालकों को अचानक अपनी रफ्तार कम करनी पडती है। कई बार मवेशी अचानक सडक पर आ जाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ जाता है।

सडक के बीच बैठे मवेशियों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को हो रही है। अचानक सामने मवेशी आने पर वाहन चालक ब्रेक लगाते हैं या उन्हें बचाने के लिए अचानक दिशा बदलते हैं। इस दौरान पीछे से आने वाले वाहनों से टक्कर की आशंका भी बनी रहती है।

### एसडीएम से संपर्क का प्रयास, नहीं मिला जवाब

मामले में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्हौरे से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन बार-बार व्यस्त बता रहा था, इसके बाद उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला। फिलहाल शहर एवं आसपास क्षेत्र की प्रमुख सडकों पर आवारा मवेशियों की समस्या बनी हुई है और शहरवासी प्रशासन से ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।



### श्री मनुनिया महादेव के लिए निकली कावड़ यात्रा

**बडौद।** सावन माह में परिवर्श अनुसार इस वर्ष भी कावड़ यात्रा का आयोजन बोल बम कावड़ यात्रा संघ के तत्वावधान किया गया जो श्री कृष्ण मंदिर गांधी चौक से निकली जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री मनुनिया महादेव मंदिर (आलोट) पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्णमंदिर के महंत रघुवरदास महाराज, विधायक मधु गहलोत, भाजपा जिलाअध्यक्ष ओम मालवीय ने बाबा महाकाल के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कावड़ का पूजन कर कावड़ यात्रा का शुभारम्भ किया गया। कावड़ यात्रा का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा को स्वागत और पूरा नगर बोल बम बोल बम नारे के साथ गुंजायमान हो गया। कावड़ यात्रा संघ के अध्यक्ष दशरथ सिंह (झालरा) ने बताया कि सोमवार को भगवान भोले नाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।



### खेल प्रतिभाओं की तलाश विद्यार्थियों का हुआ शारीरिक दक्षता परीक्षण

**शुजालपुर।** शासकीय एकीकृत हाई स्कूल रायपुर में खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए स्पोर्ट्स टैलेंट टीम द्वारा कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की विभिन्न शारीरिक क्षमताओं को परखा गया। परीक्षण के आधार पर प्रत्येक विद्यार्थी की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इससे यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि कौन सा विद्यार्थी किस खेल में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा पहचानने और रुचि के अनुरूप खेल का चयन करने में भी मदद मिलेगी। बेहतर प्रतिभा वाले विद्यार्थी भविष्य में संबंधित खेल को करियर के रूप में अपना सकेंगे। परीक्षण के आयोजन में शाला के प्रभारी प्राचार्य सुरेन्द्र सिंह डोडिया सहित विद्यालय स्टाफ ने सहयोग किया।

### भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली यात्रा

## देवास में बिलावली से महाकाल मंदिर तक तिरंगा लहराते पहुंचे कार्यकर्ता



**देवास।** देवास में रविवार को भाजपा के 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत श्री सद्गुरु शीलनाथ मंडल ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर हिस्सा लिया, जिससे शहर का माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत हो गया। यात्रा का शुभारंभ बिलावली क्षेत्र से हुआ। यहां से कार्यकर्ता महाकाल मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि और विश्व कल्याण की कामना की। मंदिर से निकलने के बाद, कार्यकर्ता हाथों में तिरंगे लेकर यात्रा में शामिल हुए। देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ यह तिरंगा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी तिरंगा लहराते हुए दिखाई दिए। मार्ग में स्थानीय लोगों ने भी यात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। तिरंगों से सजे मार्गों और देशभक्ति के माहौल ने आजादी के गौरव और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

### जुआ खेलते 8 लोग पकड़ाए, बाइक भी थाने में रखवाई, रुपए भी पुलिस ने जब्त किए



**देवास।** देवास में कोतवाली पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने आनंद नगर क्षेत्र स्थित कैपेन ग्राउंड के एक खाली प्लॉट में जुआ खेल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आनंद नगर क्षेत्र में कैंपेन ग्राउंड के पास एक खाली प्लॉट में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर आठ लोगों को पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए जुआरियों के पास से कुछ नकदी भी बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए सभी आरोपी देवास शहर के ही निवासी हैं। उन्हें वाहनों से कोतवाली थाने लाया गया, जहां उनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि टीम ने दबिश देकर आठ आरोपियों को पकड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि मौके से जुआ खेलने में इस्तेमाल की गई सामग्री और बरामद नकदी के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार युनुस खान पिता छुट्टन खान, निवासी 80, नेहरू नामझिरी देवास रोड उज्जैन के द्वारा अपने पुत्र जावेद खान पिता युनुस खान जो कि विवाह के दो महिने के पश्चात से ही मेरे पक्षकार से पृथक निवास कर रहा है तथा मेरा पक्षकार अपने पुत्र व अपनी बहू के द्वारा निरंतर रूप से किये जा रहे विवाद के कारण काफी मानसिक रूप से प्रताड़ित रहता है इस कारण भी मेरा पक्षकार अपने पुत्र को भी अपने से पृथक कर दिया है तथा अब वर्तमान में मेरे पक्षकार का अपने पुत्र से वर्तमान में किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है यदि मेरे पक्षकार के पुत्र से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई संबंध या संव्यवहार करता है तो उसकी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदार मेरे पक्षकार की नहीं होगी। यदि इस संबंध में किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में आकर 03 दिवस में सम्पर्क करे, उसके पश्चात मेरे पक्षकार की किसी भी प्रकार की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 10/08/2026

देवेन्द्रसिंह सेंगर हायकोर्ट एडव्होकट
सनशाइन टॉवर द्वितीय मंजिल फ्रीगंज उज्जैन म.प्र.
मो.नं. 94253-79156

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शंकरलाल सुनारिया पिता श्री गंगाराम सुनारिया, निवासी-123, होलीपुरा लेकाडा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-108/3 रकबा 0.53 हेक्टर में से रकबा 0.19 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम लिम्बापिपल्या तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह प्रमाण के साथ इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक-10.08.2026

राजेश बाठिया एडव्होकट
ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन
मो-98272-64140

# सावन के दूसरे सोमवार पर मंदसौर में उमड़ी शिवभक्तों की भारी भीड़, पशुपतिनाथ मंदिर में शुरू हुई नई दीप ज्योति शयन आरती की परंपरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर





सावन माह के दूसरे सोमवार के अवसर पर मंदसौर शहर पूरी तरह शिवभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। विश्वप्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में तड़के 5 बजे मंगला आरती के साथ ही दर्शन और पूजन-अर्चना का दौर शुरू हो गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा परिसर च्हर-हर महादेवज और च्बम-बम भोलेज के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंध समिति ने गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रखा। भक्तों को कतारबद्ध कर बाहर से ही दर्शन कराए गए। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने भगवान पशुपतिनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक और मनोकामना अभिषेक कर बेलपत्र तथा धतूरा अर्पित किया। मुख्य पुजारी राकेश भट्ट के अनुसार, सावन सोमवार के पावन अवसर पर भगवान का विशेष एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। दोपहर में विशेष पूजा और महाआरती के बाद शाम को संध्या आरती व शिव भजनों का आयोजन रखा गया, जबकि रात्रि में शयन आरती के साथ दर्शन का सिलसिला संपन्न होगा।

इस बार सावन माह में पशुपतिनाथ मंदिर में उज्जैन के बाबा महाकाल और काशी विश्वनाथ की तर्ज पर एक नई परंपरा का शुभारंभ किया गया है। मंदिर प्रबंध समिति के निर्णय अनुसार प्रत्येक रविवार और सोमवार की रात को विशेष दीप ज्योति शयन आरती आयोजित की जा रही है। आरती से पूर्व भगवान पशुपतिनाथ को भस्म का तिलक लगाया जाता है और फिर गर्भगृह की सभी विद्युत लाइटें बंद कर केवल दीपों की रोशनी में विशेष आरती उतारी जाती है। अंधकार के बीच दीपों के अलौकिक प्रकाश में भगवान का यह स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण और अद्वितीय अनुभव का केंद्र बना हुआ है।

सावन के दूसरे सोमवार पर मंदसौर जिले के अन्य क्षेत्रों में भी अपार उत्साह देखने को मिला। पिपलियामंडी और संजय हिल्स सहित विभिन्न स्थानों से कावड़ यात्राएं मंदसौर पहुँचीं, जहाँ कावड़ियों ने भगवान पशुपतिनाथ का जलाभिषेक किया। दलौदा नगर में श्री सिद्धेश्वर महादेव जी की राजसी सवारी धूमधाम से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन-अर्चन कर धर्म लाभ लिया। शहर के अन्य सभी शिव मंदिरों में भी सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और दिनभर धार्मिक अनुष्ठान चलते रहे।

## न्यूज-कॉलम

### 3 किलो अवैध अफीम के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के भावगढ़ थाना पुलिस ने एक आरोपी को 3 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। जप्त अफीम का अनुमानित मूल्य लगभग 6 लाख रुपये बताया गया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने करजू और करनाखेड़ी के बीच स्थित शिव मंदिर मार्ग पर घेराबंदी कर मोटरसाइकिल सवार श्यामलाल बंजारा (42) निवासी गुंदा रेल, जिला चित्तौड़गढ़, राज. को रोका। वाहन की जांच करने पर पेट्रोल टंकी के नीचे बनाई गई एक गुप्त जगह से ३ किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी से अफीम, मोटरसाइकिल व मोबाइल जप्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने 620 लीटर लहान किया नष्ट

**मन्दसौर।** क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से अफजलपुर पुलिस ने ग्राम झिरकन में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसपी विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में चलाए गए इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में लहान और शराब निर्माण के उपकरण बरामद कर नष्ट किए। थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश मालवीय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 9 अगस्त को ग्राम झिरकन के बाछड़ा डेरा सहित आसपास के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को मौके पर 620 लीटर अवैध शराब निर्माण हेतु तैयार लहान मिला, जिसे पुलिस ने तुरंत नष्ट करा दिया। इसके साथ ही शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले बर्तनों और अन्य उपकरणों को भी मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

### विद्युत एवं यांत्रिकी समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** महापौर श्री प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार विद्युत एवं यांत्रिकी समिति सलाहकार समिति प्रभारी अक्षय संघवी की अध्यक्षता में आहूत हुई जिसमें विभिन्न प्रस्तावों पर अनुशंसा की गई।आयोजित बैठक में चर्चा की गई की आगामी त्यौहारो पर शहर के प्रमुख चौराहों पर आर्कषक विद्युत सज्जा की जाये साथ ही प्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाये जाने हेतु एमपीईबी का सहयोग आवश्यक होने से नगर निगम को एमपीईबी सहयोग करे इस आशय का पत्र श्रीमान् कलेक्टर महोदय एवं एमपीईबी को पत्र लिखा जाये। इसके अलावा आयोजित बैठक में यह भी अनुशंसा की गई कि स्ट्रीट लाईट समय पर चालू व बंद हो इस हेतु संपूर्ण शहर में 31 अक्टूबर तक टाईमर लगाये जाये ताकि प्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सकें। आयोजित बैठक में समिति प्रभारी अक्षय संघवी के अलावा समिति सदस्य शक्तिसिंह राठौर, धर्मेन्द्र रांका, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती हीना मेहता, के अलावा सहायक यंत्री अनवर कुरेशी, समयपाल देवेन्द्र धाकड़ आदि उपस्थित थे।

# रतलाम के गणमान्य जनों ने शामिल होकर पत्रकार शरद जोशी को दी अंतिम विदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



वरिष्ठ पत्रकार शरद जोशी की पार्थिव देह सोमवार को अंतिम संस्कार के साथ पंचतत्व में विलीन हो गई। अंतिम यात्रा उनके निवास पैलेस रोड़ से निकलकर त्रिवेणी मुक्तिधाम पहुंची। जोशी के ज्येष्ठ पुत्र अभिजीत जोशी और ने मुखाग्नि दी। श्री जोशी की अंतिम यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिक, पत्रकार, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और उनके शुभचिंतक बड़ी संख्या में शामिल हुए। रतलाम में पत्रकारिता के पर्याय के रूप में उनको जाना जाता रहा। शरद जोशी के निधन से रतलाम की पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। पचास से ज्यादा वर्षों तक पत्रकारिता से जुड़े रहे जोशी ने अपनी निष्पक्ष, निर्भीक और जनसरोकारों से जुड़ी खबरों के कारण समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। वे समाचारों को केवल घटनाओं तक सीमित रखने के बजाय सामाजिक सरोकारों और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता देने के लिए जाने जाते थे।

त्रिवेणी मुक्ति धाम पर आयोजित शोक सभा में सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और जनसेवा से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। पत्रकार शरद जोशी का व्यक्तित्व सहज, सरल और मिलनसार था। वें अपनी बात और सिद्धांत पर अडिग रहने वाले पत्रकार थे।

अंतिम संस्कार में मौजूद लोगों ने कहा कि शरद जोशी की पत्रकारिता, उनकी सादगी और समाज के प्रति उनकी संवेदनशीलता लंबे समय तक स्मरण की जाती रहेगी। उनके निधन से परिवार, पत्रकारिता जगत और उनसे जुड़े सामाजिक-धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में औदीच्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष आचार्य जी रतलाम प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की और से डॉ रत्नदीप निगम,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जावरा विधायक डॉ राजेंद्र पांडे, दैनिक स्वदेश के संपादक शक्ति सिंह परमार और रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल , पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी की और से विकास कोठारी ,जावरा पत्रकार संघ की और से सुजान कोचट्टा तथा जिला कांग्रेस कमेटी की और से महेंद्र कटारिया आदि ने अपने विचार रखे। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के शोक संदेश का वाचन संस्था के संभागीय अध्यक्ष राजेश जैन ने किया। सभा का संचालन वरिष्ठ अभिभाषक सुनील पारीख ने किया।



# नागर ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने पौधारोपण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद शाखा रतलाम की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी रावल एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा सावन में पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज रोड स्थित मठ मंदिर परिसर में संपन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायंस क्लब रतलाम गोल्ड की अध्यक्ष श्रीमती संतोष जोशी, कोषाध्यक्ष श्रीमती कोमल पोरवाल तथा पास्ट प्रेसिडेंट एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन श्रीमती वैशाली माचवे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित लायंस क्लब की टीम द्वारा सीड बॉल प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। साथ ही लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस अवसर पर नारायण प्रसाद भट्ट, सतीश भट्ट, नवनीत मेहता, ओम त्रिवेदी, संजयदवे, राजेंद्र रावल, आयुष नागर, संदीप जोशी, पवन दवे एवं धर्मेंद्र नागर सहित अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे। श्रीमती प्रमिला त्रिवेदी, श्रीमती सुभद्रा मेहता, श्रीमती ज्योति मेहता एवं श्रीमती अनुराधा दवे श्रीमती योगिता दवे, श्रीमती अमिता मेहता, श्रीमती सीमा जोशी , श्रीमती भावना दवे सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य गण उपस्थित रहे।

## न्यूज कालम



### पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से परशुराम महिला मंडल ने किया पौधारोपण

**मन्दसौर।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से स्थानीय परशुराम महिला मंडल द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की वरिष्ठ सदस्या बिन्दु चन्द्रे ने कहा कि हरियाली प्रकृति की अनुपम देन है और वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाकर प्रकृति का ऋण चुकाना हम सभी का प्रमुख कर्तव्य है।कार्यक्रम के दौरान समाज की वरिष्ठ गीता दुबे, सीमा पाठक, संगीता जोशी, चंद्रकला शर्मा, प्रियंका मोड, अंजना शर्मा, पूनम शर्मा, अंजना मंडलोई, पुष्पलता शर्मा, गंगा कांडपाल, पूजा त्रिवेदी, ममता दुबे और अमृत बाला शुक्ला ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन गीता दुबे द्वारा किया गया।

### कल श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**मंदसौर।** कल 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या के अवसर पर राम मोहल्ला जनकूपुरा स्थित प्राचीन श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा सायं ४ बजे मंशापूर्ण महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। यात्रा के संपन्न होने पर महाआरती की जाएगी और श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण होगा। श्री मंशापूर्ण महादेव मंदिर भक्त मंडल ने नगर के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### कावड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत



**पिपलियामंडी।** सावन के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर पिपलियामंडी से विशाल कावड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी टीला खेड़ा बालाजी मंदिर से श्रद्धालुओं ने कावड़ यात्रा प्रारंभ की, जो श्री पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र मे कावड़ यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में अच्छी बारिश, खुशहाली, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।कावड़ यात्रा का मुख्य बाजार में नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सभी कांग्रेसजनो ने,व माली समाज, पोरवाल समाज, सिंधी समाज, राजपूत समाज,जैन समाज, सकल ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, गुर्जर समाज अग्रवाल समाज, मंडी व्यापारी संघ, नगर परिषद सहित विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

### 14 अगस्त को आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नाम का आयोजन

**मंदसौर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को संध्या 7,30 बजे गांधी चौराहे पर च्आजादी की शाम क्रांतिकारियों के नामज कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दशपुर जागृति संगठन द्वारा आयोजित यह लगातार १७वां कार्यक्रम है, जिसे राजाराम तंवर अपनी पेंशन की राशि से आयोजित करते आ रहे हैं। यदि कार्यक्रम के दौरान वर्षा होती है, तो आयोजन स्थल बदलकर नगरपालिका सभागार रहेगा। संगठन कार्यालय पर आयोजित बैठक में बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, अध्यक्षता पूर्व अपर कलेक्टर एन. एस. राजावत, विशेष अतिथि पूर्व टीआई महेंद्र प्रताप सिंह परिहार और डॉ. उर्मिला तोमर मौजूद रहेंगे। आयोजन के दौरान 16 विशेष मशालों का प्रज्वलन, क्रांति कथाओं का पूजन और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां होंगी। बैठक में संगठन अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पौराणिक, हरिशंकर शर्मा, अजीज उल्ला खान खालिद, बी. एस. सिसोदिया, आर. सी. पांडे, रवींद्र पांडे, सत्येंद्र सिंह और सुरेश गुप्ता ने भाग लिया।

# शहर में विश्व आदिवासी दिवस पर निकली भव्य रैली

**नीमच।** शहर में रविवार को आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकजुटता के साथ सर्व आदिवासी समाज की ओर से शबरी आश्रम से विशाल रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां और समाजजन पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा, हाथों में प्रतीकात्मक तीर-कमान और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ शामिल हुए।लोकगीतों और आदिवासी लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने रैली को विशेष आकर्षण दिया। जय जोहार और च्जय जोहार का नारा है, भारत देश हमारा हैज जैसे नारों से शहर का वातावरण गूंज उठा। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी कृषि उपज मंडी पहुंची, जहां आमसभा, समाजजनों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों सहित विभिन्न गतिविधियों के साथ आयोजन का समापन हुआ। विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली।रैली में युवक-युवतियां एवं समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में सजे नजर आए। कई युवाओं के हाथों में प्रतीकात्मक तीर-कमान थे, वहीं पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर समाजजन कदमताल करते हुए आगे बढ़े। महिलाओं और युवतियों ने भी पारंपरिक परिधान में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# सभी पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाए-कलेक्टर

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सभी पर्व परंपरागत रीति-रिवाज और आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे। उन्होंने आगामी त्योहारों-हरियाली अमावस्या, श्रावण सोमवार की पशुपतिनाथ पालकी, नागपंचमी, पशुपतिनाथ राजसी सवारी, ईद मिलाद-उन-नबी, रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गोगा नवमी, डोल ग्यारस और गणेश विसर्जन आदि के दौरान की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने आयोजकों से अपील की कि वे पारंपरिक वाद्य यंत्रों और ढोल का प्रयोग करें तथा डीजे एवं तेज आवाज वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों से बचें। उन्होंने जुलूस मार्ग पर अतिक्रमण हटाने, जर्जर भवनों को चिन्हित करने, स्वच्छता बनाए रखने, एंबुलेंस, पेयजल तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी विनोद कुमार मीना ने आश्वस्त किया कि सवारी और जुलूस मार्गों के संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा ताकि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सहित शांति समिति के सदस्य एवं पत्रकार मौजूद रहे।

# विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**नीमच।** मप्र शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत 9 से 17 अगस्त तक विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को तिरंगे के महत्व और देश के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में 10 अगस्त को विद्यालयों में तिरंगा प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीआरपीएफ नीमच, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेवली-देवली और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कछरौद में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# फसल नुकसानी के बीमे की राशि नही मिलने पर कांग्रेसजन कर रहे हनुमान चालीसा

**मल्हारगढ़।**क्षेत्र में वर्ष 2025 में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से गेंहू,अफीम,चना,लहसुन,मेथी,अल सी,सहित सभी फसलों में भारी नुकसान हुवा था शासन,प्रशासन ने भी 100 प्रतिशत नुकसान मानकर कांग्रेस के लगातार आंदोलनों के बाद किसानों को मुआवजा दिया था। लेकिन किसानों द्वारा प्राकृतिक आपदा से फसलों के नुकसान के लिए करवाये जाने वाले बीमे की पर्याप्त राशि किसानों के खाते में नही आई है जबकि किसान बीमे की प्रीमियम भरता है। गूंगी बहरी भाजपा सरकार को जगाने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कर ज्ञापन बालाजी के चरणों मे रखेंगे।

जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने बताया है कि बीमा जो किसानों का हक अधिकार का पैसा है वह किसानों को नही देना किसानों के साथ अन्याय एवं अत्याचार है।कांग्रेस किसानों को पर्याप्त बीमे की राशि दिलाने के लिए वंचित व पर्याप्त बीमा नही मिलने गांवों में अन्नदाता किसानों के साथ बालाजी के मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ कर ज्ञापन बालाजी महाराज के चरणों मे रखेगे ताकि बालाजी इन्हें सद्बुद्धि दे और भाजपा सरकार कुम्भकरणी नींद से जागे।इसी क्रम में कांग्रेसजनों ने चावली,एवं बूढ़ा ब्लॉक कांग्रेस के कल्याखेड़ी से मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया है। प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया ने कहा कि जब जब भाजपा सत्ता में आती है सबसे ज्यादा शोषण किसानों का करती है।

# डकैती की योजना बनाते चार गिरफ्तार, एक आरोपी भाग निकला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र के बालागुढ़ा से खेड़ाखदान रोड़ स्लेट पेंसिल खदान के पास डकैती की योजना बनाते हुए मौके से पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जबकि एक आरोपी भाग निकलने में सफल हुआ। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डकैती में उपयोग आने वाले हथियार व अन्य सामग्री जब्त कर बीएनएस की धारा व आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपलियामंडी थाना पुलिस ने यह कार्यवाही 9 व 10 अगस्त की दरम्यानी रात में की। पुलिस ने इस मामले में नीमच जिले के रहने वाले आरोपी प्रदीप पिता गेंदालाल जाति बाछड़ा निवासी पिपलिया रूण्डी थाना मनासा, मनीष पिता हेमंत बाछड़ा निवासी ग्राम बरर्डिया थाना मनासा, कमल पिता नारायण बाछड़ा निवासी पिपल्या रूण्डी, नारायण पिता सीताराम बाछड़ा निवासी पिपलिया रूण्डी को गिरफ्तार किया। जबकि नरेन्द्र पिता गेंदालाल बाछड़ा निवासी पिपलियारूण्डी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिना नम्बर की कार, मोटर साइकिल नं. आरजे ३५ एसपी ८६१९ व लोहे की राड, पेचकस, लट्ठ, आरी पत्ता, थैली में भरा मिर्ची का पाउडर आदि जब्त किये। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्री राजेश घाडगे पिता स्व.श्री भगतराम, श्रीमती सुनीता पति श्री राजेश घाड़गे पता-मकान नं. 381 जय भवानी नगर इन्दौर पिन-1001230116 वार्ड-5 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- यशराज पेठनकर क्रेता- - 1- सुनील शर्मा 2- रीना शर्मा 631 पिपल्याहानला क्यू 602 शालीमार पाम्स इन्दौर पिन- 1001333337 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता-श्रीमती मनोरमा राठौर पति श्री प्रेमलाल राठौर क्रेता- श्रीमती रतनबाई पति किशोर पता- भवन क्रमांक 53 पुराना 119 गोविन्द नगर गुप्ता किराना के पास इन्दौर पिन-1003100719 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-श्री मुकेश गोयल पिता सत्यनारायण गोयल पता-मकान नं. 9 श्रीकृष्ण नगर इन्दौर पिन-1000833046 वार्ड-4 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-20

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-मोहम्मद रफीक पिता अब्दुल गनी पता-मकान नं. 76/2 जूना रिसाला इन्दौर पिन- 1000838659 वार्ड-8 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**



## विश्व आदिवासी दिवस पर गांव में निकला जुलूस

**महिदपुर रोड।** ग्राम झूटावद में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस पर आदिवासी बंधुओं ने गांव में जुलूस निकाला तथा आदिवासी जनजाति समाज के महापुरुषों द्वारा समाज उत्थान के लिये किये गये कार्यों का उल्लेख करते हुए उनका स्मरण किया जुलूस का गांव में विभिन्न समाज जनों तथा ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा आदिवासी ध्वज का स्वागत करते हुए महापुरुषों के बताए गये मार्ग पर चलकर समाज को विकास की और अग्रसर करने में सहयोग देने की बात कही।

## नागदा-खाचरौद में किसान कांग्रेस के 15 ग्राम अध्यक्ष नियुक्त

**खाचरौद।** नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में किसान कांग्रेस द्वारा संगठन विस्तार के तहत 15 ग्राम अध्यक्षों सहित 2 ब्लॉक पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का खाचरौद में समारोहपूर्वक स्वागत कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जानकारी के अनुसार नागदा-खाचरौद विधानसभा क्षेत्र में किसान कांग्रेस द्वारा अब तक कुल 79 ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। 9 अगस्त 2026 को नियुक्त किए गए ग्राम अध्यक्षों की सूची इस प्रकार है– रामनगर - बहादुर सिंह पटेल, बनवाड़ा - दिनेश पोरवाल, भगतपुरी - भारत सिंह गुर्जर, घिनोदा - लखन पाटीदार, रिंगनिया - जगदीश किर, निमाड़ी - पन्ना लाल चौहान, बंजारी - हीरालाल, कमठानी - रायसिंह यादव, खाताखेड़ी - बंटी राठौड़ कलसी - लखन सिंह पंवार मीन - दीपेश प्रजापत सेदरी - सीताराम मेहता, सकतखेड़ी - कन्हैयालाल गुर्जर, कमठाना - प्रहलाद पाटीदार बरलाई - धनालाल गेहलोत है।

## बाबा भूतेश्वर नाथ महाकाल का आकर्षक श्रृंगार किया



**खाचरोद।** बाबा भूतेश्वर नाथ महाकाल राजा का श्रवण के दूसरे सोमवार को बाबा का शमशान की भस्म दूध नहीं घी शक्ल शहर इत्र से महाअभिषेक कर सुंदर सिंगार किया बाबा की मंगल आरती उतारी सभी भक्तों के लिए मंगल कामना की बाबा महाकाल सबका भला करें।

## राज्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए चाठा के छात्र अभिषेक



**ब्यावरा।** हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तरीय मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शासकीय हाईस्कूल चाठा ब्यावरा के छात्र अभिषेक मेहर को कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव में राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, रघुनंदन शर्मा कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा बलराम कृषि सम्मान से सम्मानित किया गया। प्राचार्य के.एल. जाटव ने बताया कि विद्यालय के किसी भी छात्र को यह उपलब्धि प्रथम बार हासिल हुई है।

## अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को लेकर की मुलाकात

**सुसनेर।** नगर के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की कमी सहित अन्य समस्याओं को लेकर पार्षद प्रतिनिधी पवन शर्मा के साथ पार्षदों के प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान से मुलाकात की। पार्षदों ने प्रभारी मंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि सिविल अस्पताल सुसनेर में जिला अस्पताल से प्रतिदिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की डयूटी सुसनेर में लगाई लगाई गई थी किंतु यह व्यवस्था अब बदल दी गई है। जिसके चलते मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है।

पं. दीनदयाल के सपनों को साकार कर रही भाजपा सरकार : प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान

# अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

### डाक बंगला से हाथी दरवाजा तक डिवाइडर सड़क की स्वीकृति की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



भाजपा की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मंत्र जिसमें गरीब व अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुचें इसी को लेकर देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब व्यक्ति तक पहुंचने का काम किया है।

प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतत्व में देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार चाहुमुखी विकास के काम कर रही है। उक्त विचार रविवार को नगर परिषद सुसनेर के द्वारा पुराना बस स्टेंड पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति के अनवरण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितों को संबोधित करते हुवें केबीनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि जनविश्वास अभियान की शुरूआत की गई है। इसके तहत आयोजित होने वाले शिविरों में जिला कलेक्टर से लेकर सभी अधिकारी मौजूद रहेगें। हम सबकों इस शिविर के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं हल करवानें के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि हम सब के लिए गर्व की बात है कि हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति का अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हम सबकों उनके बताए मार्ग पर चलकर गरीब वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए।

न.प. अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहां कि 31 साल पहले मेरे पिता पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष थें तब उनके द्वारा इस चौक का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर किए का प्रस्ताव रखा था जिसें तब की नगर परिषद ने स्वीकार भी किया था। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभारी मंत्री ने विधी विधान से मूर्ति का अनावरण किया। पंडित वेदप्रकाश भटट के द्वारा पूजन संपन्न करवाई। इसके बाद न.प. की और से सभी अतिथियों का साफा पहनाकर एवं फूलमालाओं से स्वागत किया गया। न.प. अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने सभी अतिथियों को स्मृति चिंह भेट किए। कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधी मुकेश हरदेनिया एवं भाजपा नेता पवन शर्मा ने किया तथा आभार न.प. सीएमओं हरिओम शर्मा ने व्यक्त किया।

**ये रहे मौजूद**

जिला प्रभारी जयदीप पटेल,पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी,लालजी राम मालवीय आगर, न.प. अध्यक्ष आगर निलेश पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष चितामण राठौर,जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, मंयक राजपूत,जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेंद्र सिंह चद्रावत, भारत सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा साक्षी सकलेचा, मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला,मंडल अध्यक्ष सोरभ जैन, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन, भाजपा नेता युगल किशोर परमार, दिलीप जैन, कमल गर्ग सहित प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद थें।

यज्ञ के साथ व्यसन मुक्ति एवं परिवार निर्माण का लिया संकल्प

## सोनकच्छ के 101 घरों में एक साथ संपन्न हुआ गृह-गृह गायत्री महायज्ञ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री परिवार ब्यावरा के संयोजन में ग्राम सोनकच्छ में 101 घरों में एक साथ गृह-गृह गायत्री महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रज्ञा गीत, दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सत्कार के साथ हुआ। इसके पश्चात गुरु पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के परिवारों ने श्रद्धापूर्वक गुरु पूजन कर अपनी गुरु परंपरा के प्रति आस्था एवं समर्पण व्यक्त किया।

इस विशेष आयोजन में राजगढ़, शाजापुर एवं सीहोर जिले से आए यज्ञाचार्य भाई-बहनों ने ग्राम के 101 घरों में पहुंचकर एक ही समय पर गायत्री यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ के माध्यम से परिवारों में आध्यात्मिक वातावरण निर्माण, संस्कार एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। गृह-गृह गायत्री महायज्ञ के दौरान ग्रामवासियों को व्यसन मुक्त भारत अभियान, वृक्षारोपण एवं गायत्री परिवार के सप्त आंदोलनों से जोड़ते हुए विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर आगामी 6 सितंबर को ग्राम सोनकच्छ में कन्या कौशल शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर के भव्य आयोजन की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार गुना उपजोन समन्वयक मोहन सिंह सिसोदिया, जिला समन्वयक राजगढ़ डॉ. ओ.पी. पंवार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला संयोजक श्यामसुंदर पाटीदार, शाजापुर जिला सह-समन्वयक केसर सिंह परमार, सीहोर जिला समन्वयक प्रेमलाल कुशवाह, नरसिंहगढ़ के सूरज उपाध्याय एवं भारत सिंह राठौड़ तथा किशोर जानोरिया, ट्रस्टी हवलदार सिंह, संतोष शाक्य, सुश्री शीला दांगी सहित गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता एवं परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में ग्राम के समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग एवं सहभागिता रही।

10 अगस्त की कांवड़ यात्रा में

## ग्रामीणों ने औषधियों का पहाड़ विकसित करने का लिया संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद

क्षेत्र में उज्जैन जिले और रतलाम जिले को जोड़ने वाले पहाड़ पर चमत्कारी अतिप्राचीन मनकामेश्वर महादेव विराजीत है, जहां पर वर्षो से श्रावण मास के दूसरे सोमवार को कांवड़ लाकर जलाभिषेक करने की परम्परा है, चमत्कारी भगवान के प्रति आस्था बढ़ती गयी कमठाना के साथ आस-पास क्षेत्र की ग्रामीणजन भी कांवड़ लाकर बाबा का? जलाभिषेक करने लगे, लेकिन मंदिर तक पहुंचने के लिए पहाड़ पर जाने का मार्ग सुगम नहीं था पैदल जाना पड़ता था, हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्तगण कांवड़ यात्रा में आकर जलाभिषेक करते है, कमठाना गांव के शिव भक्तों मीलकर मंदिर तक जाने का मार्ग 3 किमी मार्ग सुगम बनाया। जहां बाबा के भक्तो को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी, अपने वाहनों से भी मंदिर तक पहुंच सकेंगे। सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गेहलोत ने बताया कि यह पहाड़ पर औषधीयों का भण्डार है, असाधारण चमत्कारी स्थल जो आसपास के 10-12 से गांव को जोड़ता है पहाड़ो पर पवन चक्की लगने से वृक्षों की कटाई हुई है, मनकामेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों की अपार भक्ति और श्रद्धा के साथ जनसहयोग से सम्भव हुआ है इस पहाड़ पर औषधियों के पोधो को लगाने की इच्छा शक्ति ग्रामीण जन में जागी है, प्रतिवर्ष श्रावण के दुसरे सोमवार को कावड़ यात्रा में औषधियों के पौधे लगकार इसे मनकामेश्वर औषधी वन के नाम से विकसीत किया जाएगा। जीसकी शुरूआत शनिवार को ग्रामीणों ने 11 पौधे हरसिंगार, मीठा नीम, शीसम, बील पत्र आदि पौधे लगाकर कर दी।



## आर्य समाज द्वारा जन्माष्टमी तक घर-घर यज्ञ का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

स्थानीय आर्य समाज मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुरुपूर्णिमा से लगाकर जन्माष्टमी तक घर-घर यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में भरतपुर राजस्थान से पधारे विद्वान आचार्य रामनिवास गुणग्राहक द्वारा घर-घर यज्ञ की कड़ी को आगे बढ़ते हुए हवन किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय आर्य समाज पर प्रतिदिन सायं 7.30 बजे भजन सत्संग का भी आयोजन रखा गया है। जिसमें बड़ी संख्या में धमार्लुजन धर्म का लाभ ले रहे है।

उक्त आयोजन को सफल बनाने की अपील आर्य समाज प्रधान सतीशचंद्र ओझा , लाला चांदीवाला, बालकृष्ण पोरवाल, सतीश गहलोत, माणकलाल राठौर, राजेंद्र यादव, सरिता यादव, अशोक भावसार, जमनालाल जाट, ओम प्रकाश राठौर, आर्यवीर चोहान, दीपक टेपण, दिनेश भाटी ने की है। उक्त जानकारी धर्मेंद्र शर्मा द्वारा दी गई।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर




31 जुलाई को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक बंशीलाल शर्मा पदस्थ संस्था शा. एकीकृत मा. वि. लसुड़िया मंसूर को शासकीय सेवा में विभिन्न शालाओं में अपनी सेवा 42 वर्ष देने के पश्चात सेवानिवृत्ति होने पर शाला के स्टॉफ द्वारा श्री तुलसी रेस्टोरेंट महिदपुर में विदाई समारोह आयोजित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट स्कूल महिदपुर के प्रभारी प्राचार्य सुनिल दुबे, शिक्षक पालक संघ के अध्यक्ष महेशपुरी गोस्वामी, खोरिया सुमरा हाईस्कूल प्राचार्य अब्दुल हमीद नागौरी, राज्य अध्यापक संघ की महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुश्री सुषमा खेमसरा, जनशिक्षक ईश्वर जाटव थे। साथ ही विभिन्न शालाओं के शिक्षक, स्टॉफ, परिजन, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ तत्पश्चात शाला के स्टॉफ द्वारा अतिथियों का फूलमलाओं से स्वागत किया गया व बंशीलाल शर्मा का शाल श्रीफल व साफा बांध कर सम्मान कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन शाला के प्रधान अध्यापक मो. सलीम नागौरी ने किया। विभिन्न शालाओं से आये शिक्षकों परिजनों ने भी शर्मा का स्वागत फूल मलाओं व शाल श्रीफल के द्वारा किया। सभी अतिथिगण एवं शिक्षकों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके शानदार कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित किया और सुखद जीवन की शुभकामनायें प्रेषित की।

## सर्व ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



सर्व ब्राह्मण समाज बड़नगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन समाजजनों की सहमति से समाज के अध्यक्ष विराग मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यकारिणी में वरिष्ठ एवं सक्रिय समाजजनों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। जिसमें संरक्षक प्रेमचंद द्वितीय, श्याम सुन्दर पण्ड्या, कमलेश शुक्ला, संजय शर्मा स्वतंत्र, परामर्शदाता नितेश जोशी, रवि भट्ट एवं विनय शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पण्ड्या, उपाध्यक्ष विपीन दवे, अंकित दवे, दीपक आचार्य, महामंत्री उदय अग्निहोत्री, भवानी शंकर जोशी, सचिव देवी प्रकाश शर्मा, जयप्रकाश त्रिवेदी, रामनिवास नवहाल,सह सचिव श्याम शर्मा, पंकज जोशी, अमित जोशी, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद शुक्ला, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा,विधि सलाहकार निलेश शर्मा,कार्यालय मंत्री विकास आचार्य, ग्रामीण संयोजक सुनील शर्मा , वासुदेव जोशी, पंडित जगदीश शर्मा, विपिन दवे, अरविंद व्यास, शुभम शर्मा को बनाया गया। नवगठित कार्यकारिणी समाज में एकता, सामाजिक समरसता, शिक्षा, संस्कार एवं समाजहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सभी समाजजनों को साथ लेकर कार्य करेगी। पदाधिकारियों ने सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को गति देने, युवा पीढ़ी को समाज से जोड़ने तथा जरूरतमंद समाजजनों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## जय श्री महाकाल व्हीआईपी ग्रुप की 10वीं कावड़ यात्रा निकली, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

श्रावण मास के पावन अवसर पर जय श्री महाकाल व्हीआईपी ग्रुप द्वारा 10वीं विशाल निःशुल्क महिला एवं पुरुष कावड़ यात्रा रविवार को प्रातः 9 बजे श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई। यात्रा उज्जैन स्थित बाबा महाकालेश्वर के दरबार तक जाएगी।

इस विशाल कावड़ यात्रा में महिला और पुरुष दोनों श्रद्धालु शामिल हुए। सभी भक्त केसरिया वस्त्र धारण कर कंधे पर फूलों से सजी कावड़ लेकर हर हर महादेव और जय श्री महाकाल के जयकारों के यात्रा में चले। दूर-दराज से आने वाले कावड़ यात्रियों के लिए ग्रुप द्वारा लाने-ले जाने की विशेष व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों का कहना है कि यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल रहेगा। स्थानीय नागरिकों द्वारा जगह-जगह कावड़ियों का पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया।

**10वें वर्ष में प्रवेश**

जय श्री महाकाल व्हीआईपी ग्रुप इस वर्ष अपनी 10वीं वर्षगांठ मना रहा है। ग्रुप के पदाधिकारियों ने बताया कि बाबा महाकाल का आदेश आया है, फिर से कावड़ चढ़ाने बुलाया है इसी भावना के साथ हर वर्ष यह यात्रा निकाली जाती है। हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।



## विद्या वह है, जो कष्टों से मुक्त करे - रामनिवास गुणग्राहक

**बडनगर।** विद्यार्थियों को आयु का पहला भाग ऐसा सुदृढ़ कर लेना चाहिए कि वृद्धावस्था सुखपूर्वक व्यतीत हो, क्योंकि नींव मजबूत होगी तभी भवन मजबूत होगा। विद्या वही है जो मुक्त करे 'सा विद्या या विमुक्तये'। उक्त विचार सन्त श्री रामनिवास 'गुणग्राहक' भरतपुर, राजस्थान ने भैया-बहिनों के शैक्षणिक उन्नयन के लिए आयोजित विचार गोष्ठी के अवसर पर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि के केशव माधव सभा गृह में व्यक्त किये आपने गायत्री मंत्र का महत्व व विद्यार्थी जीवन में ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्राचीन काल के आश्रमों में गायत्री मन्त्र अनिवार्य था जिससे विद्यार्थी ज्ञानवन विचारशील बनते थे साथ ही आपने गुरुकुल परंपरा की शिक्षा, विद्यार्थी के लक्षण एवं आश्रम व्यवस्था पर भी सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान मंच पर अभिभाषक सतीशचन्द्र ओझा, महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा, संस्था सचिव आशीष शुक्ला, प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा उपस्थित थे। विचार गोष्ठी प्रारंभ प्रणवाक्षर ॐ ,भारतमाता और सरस्वती जी के समुख दीप प्रज्वलन कर किया गया । सरस्वती वन्दना वीरेन्द्र शर्मा द्वारा की गई। मंचासिन संत रामनिवास गुणग्राहक का स्वागत समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गोधा, संस्था सचिव आशीष शुक्ला ने शाल श्रीफल दुप्पटा भेट कर किया ।

## जहाँ से शुरू की सेवा, वहीं से हुए सेवानिवृत्त, शिक्षक जायसवाल का भव्य विदाई समारोह





**बड़नगर।** एक आदर्श शिक्षक बिरले ही मिलते हैं और ऐसे ही एक प्रेरणादायक शिक्षक हैं सत्यनारायण जायसवाल, जिन्होंने अपना पूरा जीवन विद्यार्थियों और ग्रामवासियों के उत्कृष्ट भविष्य निर्माण में समर्पित कर दिया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी, सरल और सहज व्यक्तित्व वाले जायसवाल शासकीय सेवा में 37 वर्ष 8 माह का समय व्यतीत करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवाकाल की विशेष बात यह रही कि जिस स्थान से उन्होंने अपनी सेवा शुरू की थी, वहीं से वे सेवानिवृत्त हुए। अपने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने 6 वर्ष शासकीय प्राथमिक विद्यालय नावदा, 30 वर्ष प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय बड़गारा और अंत में 1 वर्ष 8 माह पुनः शासकीय प्राथमिक विद्यालय नावदा में अपनी सेवाएँ दीं। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर ग्राम नावदा एवं बड़गारा के समस्त स्टाफ द्वारा बंग्रेड में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच संतोष पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि महेन्द्रसिंह राठोर, जनप्रतिनिधि जुझारसिंह राठोर, विकास खण्ड बड़नगर के बी.आर.सी. वीरेन्द्रसिंह राठोर, गेहलोद सहित संकुल लोहाना के समस्त जनशिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महापुराण की विशाल शोभायात्रा निकली

### यात्रा में मंगल दास जी महाराज की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही

**खाचरौद।** श्री 1008 मंगलदास जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महापुराण की विशाल शोभायात्रा शनिवार प्रातः 11 बजे बाबा नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा में मंगल दास जी महाराज की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई, खेड़ापति सरकार प्रांगण में पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई। इसके पूर्व शोभायात्रा में 31000 रुद्राक्ष के शिवलिंग एवं पौथी जी की शोभा यात्रा महादेव मंदिर से चबूतरा चौराहा, शुक्रवारिया बाजार, भवानी चौक, रावला होते हुए खेड़ापति मंदिर परिसर पहुंची। श्री खेड़ापति सरकार का लाल पत्थर से नवनिर्मित मंदिर की आधारशिला स्थापित करने वाले 1008 मंगलदास जी महाराज के महानिर्वाण दिवस 14 अगस्त को मंदिर परिसर में भक्तों द्वारा मंगल दास जी की मूर्ति की स्थापना सहित कई धार्मिक अनुष्ठान 8 से 14 अगस्त तक मंदिर परिसर में संपन्न होंगे। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में मंगलदास महाराज के महानिर्वाण दिवस 14 अगस्त को मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में मंगल दास जी की मूर्ति की स्थापना होगी।जबकि 13 अगस्त को देव आवाहन पूजन व 14 अगस्त शाम 4 बजे मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन के साथ रुद्राक्ष का वितरण भी भक्तों को होगा। भागवत कथा का रसपान व सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने की अपील श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर ट्रस्ट समिति ने की है।



## भाजपा जिला बैठक सम्पन्न, 10 से 14 अगस्त तक निकलेगी हर घर तिरंगा यात्रा

**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक रविवार को राजबाग गार्डन में आयोजित हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान रहे। उन्होंने कहा कि 10 से 14 अगस्त तक जिले के प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर तिरंगा वितरित करेंगे और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी बूथ स्तर तक पहुंचाने तथा किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम को भी बूथ स्तर तक पहुंचाने की बात कही। बैठक में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर शोभायात्रा, संगोष्ठी एवं सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान को भी सार्थक बनाने का आह्वान किया।



## हाइब्रिड-ईवी कारें 1 अप्रैल 2027 से सस्ती होंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने यात्री वाहनों के लिए नए कॉरपोरेट एवरेज फ्यूल इकोनॉमी मानकों का मसौदा यानी ड्राफ्ट जारी किया है। ये नए नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू होंगे। इस पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य कारों की ईंधन दक्षता यानी माइलेज बढ़ाना और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना है। इससे एथेनॉल, हाइब्रिड और एश कारें सस्ती हो सकती हैं और ज्यादा प्रदूषण वाली पेट्रोल-डीजल कारें महंगी हो सकती हैं।

नई पॉलिसी में सरकार कंपनियों को एश और हाइब्रिड कारें बेचने पर ह्यसुपर क्रेडिटह्ल देगी। अगर कोई कंपनी एक इलेक्ट्रिक कार बेचती है, तो उसे कागजों पर 3 कारों के बराबर गिना जाएगा। एक हाइब्रिड कार को 1.6 कारों के बराबर गिना जाएगा।

इससे कंपनियों के लिए अपना प्रदूषण कम करने का लक्ष्य पूरा करना आसान हो जाएगा। ऐसे में कंपनियां इन कारों को आकर्षक कीमतों या ऑफर्स के साथ बेच सकती हैं ताकि ये ज्यादा बिकें। ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाली (यानी कम माइलेज वाली) कारें कंपनियों के लिए मुसीबत बनेंगी। अगर किसी कंपनी की कारों का औसत प्रदूषण तय सीमा से ज्यादा होता है, तो उसे घाटा होगा। इस घाटे को भरने के लिए कंपनियों को दूसरी कंपनियों या सरकार से क्रेडिट खरीदने होंगे, जिनकी कीमत 2,500 रुपए से लेकर 4,500 रुपए प्रति ग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड तक होगी। इन बदलावों से ऑटो कंपनियों की पूरी रणनीति बदल जाएगी।

# रोजाना इस्तेमाल होने वाली चीजें महंगी होंगी, बिस्किट से लेकर साबुन-तेल सबकी कीमतें बढ़ेंगी, कच्चे माल के दाम बढ़ना कारण

एजेंसी ▸▸ मुंबई

देश में जल्द ही रोजाना इस्तेमाल होने वाले सामान यानी एफएमसीजी प्रोडक्ट के दाम बढ़ सकते हैं।जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण कच्चे माल की लागत यानी इनपुट कॉस्ट लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुए देश की प्रमुख एफएमसीजी कंपनियां चालू यानी सितंबर तिमाही में अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले पिछली यानी अप्रैल-जून तिमाही में कंपनियों ने औसतन 2 से 5% तक दाम बढ़ाए थे। इस तिमाही यानी जुलाई-सितेबर में कंपनियां सीधे तौर पर रेट बढ़ाने के अलावा श्रिंकफ्लेशन का सहारा ले रही हैं। यानी सामान की कीमत वही रहेगी, लेकिन पैकेट में उसकी मात्रा यानी वजन कम कर दिया जाएगा। कंपनियों का कहना है कि पाम ऑयल, चीनी और क्रूड ऑयल के दामों में उतार-चढ़ाव से मार्जिन पर दबाव बढ़ रहा है।



भारत में प्रमुख एफएमसीजी कंपनियां जैसे हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, नेस्ले, डाबर, ब्रिटानिया आदि इन प्रोडक्ट्स में सक्रिय हैं। एफएमसीजी वे रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान हैं जो जल्दी बिकते और खर्च हो जाते हैं। देश की प्रमुख बेकरी और स्नैक कंपनी ब्रिटानिया चालू तिमाही में 'श्रिंकफ्लेशन' के जरिए कीमतों में 1.5 से 2% की और बढ़ोतरी कर सकती है। यह कटौती मुख्य रूप से कंपनी के 5 और 10 वाले बिस्किट पैक्स में देखने को मिलेगी।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेडः 2 से 5% तक बढ़ सकती है महंगाई

हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड भी अपने अलग-अलग प्रोडक्ट कैटेगरी में कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी का अनुमान है कि जून तिमाही के मुकाबले सितंबर तिमाही में 2 से 5 प्रतिशत्र गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने जून तिमाही में औसतन 5 प्रतिशत दाम बढ़ाए थे। कंपनी का कहना है कि वह चालू तिमाही में फिलहाल तुरंत बड़े प्राइस हाइक से बच रही है और कमोडिटी मार्केट के स्थिर होने का इंतजार कर रही है। कंपनी के सीईओ सुधीर सीतापति ने बताया कि गोदरेज के कई इनपुट कॉस्ट कच्चे तेल से जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रेंट क्रूड फिलहाल 80 से 85 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है। अगर क्रूड इसी रेंज में रहता है तो हमें किसी बड़े प्राइस हाइक की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम 27 के लिए अपने रेवेन्यू टारगेट को आसानी से हासिल कर लेंगे। डाबर इंडिया के ग्लोबल सीईओ मोहित मल्होत्रा ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत आने वाले दिनों में भी बनी रह सकती है। कंपनियों के पास इस लागत का बोझ कंज्यूमर्स पर डालने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं बचा है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के एमडी सुनील डी'सूजा ने बताया कि लागत का असर काफी डायनेमिक है। अगर जरूरत पड़ी तो कंपनी आगे कीमतों में बदलाव करेगी। वहीं नेस्ले इंडिया ने अपने इन्वेस्टर प्रेजेंटेशन में सचेत किया है कि शॉर्ट-टर्म में ओवरऑल कंजम्पशन थोड़ा सुस्त हो सकता है। कंपनी ने कहा कि वेस्ट एशिया का संघर्ष और मानसून पर एल-नीनो का संभावित असर फूड एंड बेवरेज सेक्टर के लिए चिंता का विषय है।

# अगस्त के पहले-हफ्ते में विदेशी-निवेशकों ने 12,921 करोड़ रुपए निवेश किए...

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अगस्त के पहले हफ्ते में भारतीय शेयर बाजार में 12,921 करोड़ का भारी निवेश किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था की बेहतर होती स्थिति, अमेरिका में ब्याज दरें घटने की उम्मीद, कच्चे तेल के गिरते दाम और स्थिर रुपए के कारण विदेशी निवेशकों की लिवाली जारी है। जुलाई में हुए 20,200 करोड़ के निवेश के बाद लगातार दूसरे महीने भारतीय बाजार में पॉजिटिव फंड फ्लो देखा जा रहा है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों यानी



जून में 49,340 करोड़, मई में 32,963 करोड़, अप्रैल में 60,847 करोड़ और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपए की रिकॉर्ड बिकवाली के बाद जुलाई से बाजार में ट्रेंड बदला है।

आंकड़ों के मुताबिक, मार्च से जून तक लगातार चार महीनों की बिकवाली से पहले फरवरी में 22,615 करोड़ का निवेश किया था। इसके बाद जुलाई में 20,200 करोड़ का इनफ्लो दर्ज किया गया, जिससे भारतीय शेयर बाजार में रिकवरी देखने को मिली है। हालिया खरीदारी के बावजूद, विदेशी निवेशक 2026 में अब तक भारतीय इक्विटी में कुल मिलाकर नेट सेलर बने हुए हैं।

### भू-राजनीतिक तनाव घटने से सेंटिमेंट सुधरा

बजाज ब्रोकिंग के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट (रिसर्च) पबित्रो मुखर्जी का मानना है कि लगातार जारी खरीदारी के पीछे भू-राजनीतिक तनाव का कम होना एक मुख्य वजह है। तनाव कम होने से वैश्विक निवेशकों का सेंटिमेंट पॉजिटिव हुआ है, जिससे भारतीय शेयर बाजार को मजबूत सहारा मिला है। जिओजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वी के विजयकुमार ने बताया कि FPIs की खरीदारी में एक खास ट्रेंड देखा जा रहा है। विदेशी निवेशक ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर जैसे सेक्टर्स पर ज्यादा भरोसा जता रहे हैं।

## फेसबुक-इंस्टाग्राम की कानूनी सुरक्षा वापस ले सकती है सरकार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोशल मीडिया कंपनी मेटा और भारत सरकार के बीच चल रही बैठकों के बाद एक बड़ा कानूनी और तकनीकी सवाल खड़ा हो गया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक मुख्य मुद्दा यह है कि क्या मेटा के रिकमेंडेशन सिस्टम और पैसों के बदले कंटेंट का प्रमोशन उसे एक साधारण प्लेटफॉर्म बनाए रखते हैं या फिर वह पब्लिशर की भूमिका में आ जाती है।

यदि कोई प्लेटफॉर्म यह खुद तय करता है कि किस यूजर को क्या कंटेंट दिखाया जाएगा और पैसे लेकर कंटेंट को प्रमोट करता है, तो उसे पब्लिशर माना जा सकता है। ऐसा होने पर कंपनी को अपने प्लेटफॉर्म पर पोस्ट होने वाले कंटेंट की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी और क्ळ एक्ट के तहत मिलने वाली कानूनी छूट यानी सेफ हार्बर स्टेटस गंवाना पड़ सकता है।

आईटी एक्ट की धारा 79 सोशल मीडिया कंपनियों को 'सेफ हार्बर' यानी कानूनी सुरक्षा कवच देती है। इसके तहत किसी यूजर द्वारा पोस्ट की गई विवादित या गलत जानकारी के लिए प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक या इंस्टाग्राम को सीधे जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता। हालांकि, यह छूट तभी तक मिलती है जब तक कंपनी पूरी तरह 'ड्यू डिलिजेंस' यानी कानूनी नियमों और सावधानियों का पालन करे।

# Sport



### सिराज ने लगातार तीन छक्के लगाकर भारत को जिताया

# वॉर्मअप मैच में श्रीलंका-11 को 6 विकेट से हराया, चोट से लौटे गिल ने 44 रन बनाए

एजेंसी ▸▸ कोलंबो

भारत ने टेस्ट सीरीज से पहले वॉर्मअप मैच में श्रीलंका-11 को 6 विकेट से हरा दिया। मोहम्मद सिराज ने लगातार तीन छक्के लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई। कोलंबो में मैच के आखिरी दिन रविवार का खेल समाप्त होने से पहले भारत को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। ऐसे में सिराज ने केशरा नुवंथा के ओवर की शुरूआती तीन बॉल पर लगातार तीन छक्के लगाए।

उंगली की चोट से लौट रहे कप्तान शुभमन गिल ने 44 रन की पारी खेली। उन्होंने यशस्वी जायसवाल के साथ 105 रन की साझेदारी की। भारत को 207 रन का टारगेट मिला था। उसने दिन का खेल शुरू होने से पहले ही पहली पारी 357/6 के स्कोर पर घोषित की। फिर श्रीलंका क्रिकेट क ने अपनी दूसरी पारी 200/6 के स्कोर पर घोषित की। श्रीलंका-क ने पहली पारी में 363/8 का स्कोर बनाया था। भारत के मैच जीतने के बाद भी खेल जारी रहा। अंपायर्स ने केशरा नुवंथा का ओवर पूरा कराया। सिराज ने ओवर की बची तीनों गेंद खेलीं।



दरअसल प्रैक्टिस मैच का रिजल्ट सीरीज या टूनामेंट की जीत-हार में नहीं जुड़ता। मैच का मकसद खिलाड़ियों को मैदान, पिच के लिहाज से तैयार कराना है। इसमें टीम अपनी प्लेइंग-11 में स्क्वाड में शामिल सभी 15 खिलाड़ियों को खिला सकती है। अगर टीम चाहे तो मैच जीतने के बाद भी वह पूरे तय ओवर तक बैटिंग खेल सकती है। वॉर्मअप मैच शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को ट्रेनिंग के दौरान गिल की उंगली में चोट लगी थी। इसके बाद वे मैच के पहले दो दिन मैदान पर नहीं उतरे थे।

## खिलाड़ी मशीन नहीं, फिट होने में समय लगता हैः लक्ष्मण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने खिलाड़ियों के धीरे फिट होने में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उङ्कए) को दोषी मानने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि 'क्रिकेटर मशीन नहीं है। ऐसा नहीं है कि हर बार वे जल्दी चोट से उबर जाएंगे।' लक्ष्मण इउउक के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि उङ्कए और पुरुष-महिला दोनों टीमों के मैनेजमेंट के बीच शानदार तालमेल है। लक्ष्मण का बयान ऐसे टाइम पर आया है, जब देशभर में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर सवाल उठ रहे हैं।

## पैपराजी पर भड़कीं हार्दिक की एक्स-वाइफ नताशा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पंड्या की एक्स-वाइफ नताशा स्टेनकोविक पैपराजी पर भड़क गईं। यह घटना शनिवार रात हुई, जब नताशा को मुंबई के जुहू इलाके में स्पॉट किया गया था। नताशा अपने करीबी दोस्त और मॉडल अलेक्जेंडर एलेक्स इलिक के साथ नजर आईं। पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद करने के लिए घेर लिया और लगातार तस्वीरें लेने लगे। इस दौरान नताशा असहज नजर आईं। वह पैपराजी के लगातार तस्वीरें लेने और प्राइवेसी में दखल देने से नाराज दिखीं। बता दें कि हार्दिक ने मई 2020 में नताशा स्टेनकोविक से शादी की थी।

### नैनो न्यूज

- **एशिया कप से बाहर हो सकती हैं जेमिमा** – भारतीय महिला बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण द हंड्रेड से बाहर हो गई हैं। एशिया कप में उनकी उपलब्धता पर भी सवाल है।
- **एशियाई खेलों की तैयारी तेज** – भारत में अगस्त का खेल कैलेंडर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, हॉकी और कुश्ती की बड़ी प्रतियोगिताओं से भरा है।
- **एशफीश यादव का शानदार प्रदर्शन** – विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में आशीष यादव ने भाला फेंक में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।
- **नीरज ने आशीष को सराहा** – भाला फेंक में रजत जीतने वाले आशीष यादव के प्रदर्शन की नीरज चोपड़ा ने प्रशंसा की।
- **अफगानिस्तान की बड़ी जीत** – दूसरे वनडे में अफगानिस्तान ने आयरलैंड को 92 रन से हराया। राशिद खान ने छह विकेट लेकर मैच पलट दिया।
- **भारत-श्रीलंका टेस्ट सीरीज** – आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले श्रीलंका ने भारतीय प्रशंसकों के लिए स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश की घोषणा की है।
- **भारतीय टीम में चोटों की चिंता** – जसप्रीत बुमराह समेत कई खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बीसीसीआई की चिंता बढ़ी है।

# अश्मिता चालीहा ने कोरिया मास्टर्स जीता, बैडमिंटन फाइनल में चीन की खिलाड़ी को हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने रविवार को कोरिया मास्टर्स सुपर 300 महिला सिंगल्स का खिताब जीता। उन्होंने 53 मिनट चले फाइनल मुकाबले में चीन की चौथी सीड हान कियान शी को हराया। उन्होंने 14-21, 21-14, 21-14 से जीत दर्ज कर अपना पहला इङ्कवर्ल्ड टूर खिताब जीता।

भारत ने लगातार दूसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले तन्वी शर्मा ने पिछले रविवार यानी 2 अगस्त को ताइपे ओपन जीता था। अश्मिता ने मैच की शुरूआत में 3-0 की बढ़त बनाई। वह शुरूआती दौर में 9-5 से आगे थीं। इसके बाद हान ने वापसी की और दोनों खिलाड़ी 11-11 की बराबरी पर पहुंच गईं। चीनी खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाकर खेल पर कंट्रोल बनाया। हान ने पहला गेम जीतकर बढ़त हासिल की। अश्मिता ने दूसरे गेम में आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने स्मैश से हान पर दबाव बनाया और तेज डिफेंसिव रिटर्न से 6-6 के बाद बढ़त बना ली। ब्रेक के समय अश्मिता 11-8 से आगे थीं। इसके बाद भी उन्होंने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा। हान अंतर कम नहीं कर सकीं और अश्मिता 17-10 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी ने एक और तेज अटैकिंग शॉट के साथ गेम 21-14 से जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया।



**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**
1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोटः इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।
बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

## न्यूज कॉलम

### जमादार ने कीटनाशक पिया, इलाज के दौरान मौत

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में तहसील कार्यालय के जमादार दिनेश पाटील (50) की सोमवार को मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक, उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे घर में कीटनाशक पी लिया था। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। लालबाग थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दिनेश की पत्नी ज्योति बाई ने बताया कि वे सुबह ऑफिस गए थे और दोपहर करीब 12 बजे खाना खाने घर आए थे। उनके मुताबिक, दोनों के बीच कोई विवाद नहीं हुआ था। ज्योति बाई ने बताया कि जब वह पूजा कर रही थीं, तब उन्होंने दिनेश को लड़खड़ाते देखा।

### आरोपी के गिरफ्तारी की मांग पर तहसीलदार-टीआई को सौंपा ज्ञापन

**धार।** जिले के ग्राम धूलेट में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन ने हरिराम गेहलोत हत्याकांड के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर धरना दिया। किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी प्रदर्शन में शामिल हुए। दरअसल, धूलेट निवासी हरिराम गेहलोत की पेटलावद में कथित तौर पर भाजपा नेता देवा सिंगार और उसके साथियों ने पिटाई की थी। इसके बाद हरिराम की मौत हो गई थी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया था। मामले में मुख्य आरोपी देवा सिंगार सहित कुछ अन्य आरोपी अब तक फरार बताए जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राकेश सोलंकी ने कहा कि घटना को आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### असीरगढ़ के पास बाइक दुर्घटनाग्रस्त, तीन युवक घायल

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में आदिवासी दिवस कार्यक्रम से लौटते समय असीरगढ़ के पास हुए एक सड़क हादसे में ग्राम झांझर के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल बुरहानपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। यह घटना रविवार रात लगभग 9:30 बजे की है। झांझर निवासी अरुण, दीपू और एक अन्य युवक आदिवासी दिवस का कार्यक्रम देखकर वापस लौट रहे थे। असीर के पास उनकी मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही हाईवे चौकी मोबाइल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस जवान हेमराज कैथवास और आरक्षक सचिन जाधव ने बिना देरी किए घायलों को बुरहानपुर जिला अस्पताल पहुंचाया।

### झाबुआ में खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई



#### गोवर्धन-घी की सप्लाई चेन ट्रेस कर 86 लीटर घी जब्त

**झाबुआ।** मध्यप्रदेश शासन के खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेशभर में दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भोपाल में गोवर्धन घी का नमूना जांच में फेल होने के बाद, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इसकी सप्लाई चेन को पूरे प्रदेश में ट्रेस किया गया। सप्लाई चेन ट्रेसिंग से मिली जानकारी के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने झाबुआ नगर में कार्रवाई करते हुए 'खुशी इंटरप्राइजेज' से गोवर्धन घी की कुल 86 लीटर मात्रा जब्त की है। जब्त किए गए इस घी का अनुमानित बाजार मूल्य 60,200 रुपये है। विभाग ने घी के नमूने लेकर उन्हें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेज दिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग के 10 दिवसीय विशेष अभियान के तहत झाबुआ जिले से अब तक कुल 20 खाद्य नमूने जांच के लिए भेजे जा चुके हैं। इनमें से 5 नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, मेघनगर नाके की डेयरी का पनीर का एक नमूना 'अवमानक' (सब-स्टैंडर्ड) पाया गया है। इसके साथ ही पूर्व में भेजे गए सैंपल में समोई से लिए गुजरात के श्री हरि नमकीन के दोनों नमूने भी अवमानक पाए गए हैं। इन मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## नैनो न्यूज

- **इंदौर में भारत-एलएसी ट्रेड फोरम** – भारत और लैटिन अमेरिका-कैरेबियन देशों के बीच व्यापार व निवेश बढ़ाने के लिए इंदौर में ट्रेड एवं इन्वेस्टमेंट फोरम का आयोजन हुआ। विदेशी निवेश और स्थानीय उद्योगों को नए कारोबारी अवसर मिलने की उम्मीद है।
- **सराफा बाजार में सोने-चांदी की तेजी** – देशभर में सोने-चांदी की कीमतों में जोरदार हलचल बनी हुई है। चांदी की मांग बढ़ने से सराफा कारोबारियों की गतिविधियां भी बढ़ी हैं।
- **चांदी की बढ़ती मांग पर बीआईएस का कदम** – चांदी की मांग बढ़ने के बीच भारतीय मानक ब्यूरो ने ग्राहकों के हित में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसका असर सराफा कारोबार पर पड़ सकता है।
- **एफएमसीजी सामान महंगे होने के संकेत** – तेल, साबुन, बिस्किट और ब्रेड जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में अगले महीने बढ़ोतरी के संकेत मिले हैं। इसका असर इंदौर के थोक और किराना कारोबार पर पड़ सकता है।
- **पेट्रोल-डीजल बाजार पर कच्चे तेल का असर** – अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड करीब 1 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 84.48 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा।

### एफवीआर से पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, ऑटो ड्राइवर पर भी किया हमला

# खाटूश्याम की भजन संध्या से लौट रहा था युवक, बदमाशों ने चाकू से किए 4 वार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के हीरानगर में रविवार रात करीब 1 बजे बाइक सवार बदमाशों ने एक होटल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। बदमाशों ने उस पर चाकू से करीब 4 वार किए। गंभीर हालत में पुलिस की एफआरवी टीम उसे पहले लाइफ केयर अस्पताल ले गई। यहां इलाज नहीं मिलने पर अरविंदो अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, सदर बाजार इलाके में भी एक ऑटो ड्राइवर पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। हीरानगर टीआई सुशील पटेल ने बताया कि घायल की पहचान तेजसिंह पुत्र लेखापाल, निवासी लाहिया कॉलोनी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से नरसिंहगढ़ का रहने वाला है और करीब एक महीने पहले काम के सिलसिले में इंदौर आया था।

फिलहाल वह एक होटल में वेटर का काम करता है। तेजसिंह ने बताया कि रविवार रात करीब 11:30 बजे काम खत्म करने के बाद वह घर के लिए निकला था। रास्ते में खाटू श्याम मंदिर में चल रही भजन संध्या में रुक गया। रात करीब 1 बजे वह पैदल घर जा रहा था, तभी चार युवक उसके पास आए और उसे रुकने के लिए कहा।

तेजसिंह के मुताबिक, चार युवकों में से दो के पास चाकू थे। एक आरोपी ने उसके पेट पर दो वार किए, जबकि दूसरे ने पीठ पर चाकू मारा। वह चिल्लाया तो आरोपी मौके से भाग गए। इसके बाद कुछ राहगीर वहां पहुंचे। तेजसिंह ने मोबाइल से परिवार और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची।

#### लूट के इरादे से हमले की आशंका

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, सभी आरोपी फिलहाल अज्ञात हैं। रात में तेजसिंह के ज्यादा बयान नहीं हो पाए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाल रही है। पुलिस के मुताबिक, युवक की किसी से पुरानी रंजिश की बात सामने नहीं आई है। हमला लूट के इरादे से किया गया हो सकता है। सदर बाजार में रविवार को एक ऑटो ड्राइवर पर भी बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शुभम नगर, एरोड्रम निवासी पीयूष कुमावत रास्ते में एक दुकान पर रुका था। सामान लेने के बाद वह अपने दो दोस्तों के साथ जा रहा था। इसी दौरान एक आरोपी पीछे से आया और पीयूष के हाथ और सिर पर चाकू से हमला कर दिया। पीयूष मौके पर ही गिर गया। उसके दोस्तों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भाग गया। इसके बाद दोनों दोस्त पीयूष को इलाज के लिए शशि नर्सिंग होम लेकर पहुंचे।

#### इंदौर हाईकोर्ट में अब तीन बेंच सुनेंगी जमानत के मामले



जमानत आवेदनों की बढ़ती संख्या और सुनवाई में लग रहे समय को देखते हुए इंदौर हाईकोर्ट में अब जमानत मामलों की सुनवाई के लिए एक और बेंच उपलब्ध होगी। हाईकोर्ट रजिस्ट्रार की ओर से जारी नए रोस्टर के तहत जबलपुर के जस्टिस राजेंद्र कुमार वाणी (आरके वाणी) इंदौर में जमानत मामलों की सुनवाई करेंगे। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी। अब तक इंदौर हाईकोर्ट में जमानत से जुड़े मामलों की सुनवाई दो बेंच कर रही थीं। इनमें जस्टिस गजेंद्र सिंह और जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी शामिल हैं।

### मंदिरों में भक्तों की संख्या बढ़ाओ चमत्कार पाओ

# नौकरों से श्री जी का अभिषेक मत कराओ- मुनि श्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जिन मंदिरों में भक्तों के अभाव में भगवान की प्रतिमा का अभिषेक नोकर के द्वारा कराया जाता है उस मंदिर की प्रतिमा में अतिशय नष्ट हो जाता है। वहां की कॉलोनी का विकास अवरुद्ध हो जाता है नौकरों से श्रीजी का अभिषेक कराना विनाश का कारण है क्योंकि नौकर श्री जी का अभिषेक न तो विधि पूर्वक करता है और शुद्धि अशुद्धि का ध्यान भी नहीं रख सकता है।

धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि यह खरी खरी बातें आज सोमवार को जगत पूज्य मुनि श्री सुधासागर महाराज ने दलाल बाग स्थित



विद्या सुधा सत्संग मंडप में एक भीड़ भरी धर्म सभा में प्रवचन देते हुए कहीं। मुनि श्री ने आगे कहा कि कर्मचारियों से अन्य काम करवा लेना अपने व्यापार में उनसे करोड़ों की कमाई करवा लेना लेकिन भगवान का अभिषेक मत करवाना भले ही एक दिन भगवान का अभिषेक ना हो श्रेष्ठ है लेकिन नौकर से अभिषेक करवाना अनिष्ट कारक और निकृष्ट है।

#### भगवान से ज्यादा ताकत गंधोदक में होती

मुनि श्री ने गंधोदक का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान से ज्यादा ताकत गंधोदक में होती है जिसका प्रमाण है सती मैना सुंदरी ने अपने पति श्रीपाल का कोढ़ श्रद्धा पूर्वक श्रीजी का अभिषेक लगाकर दूर किया था। यदि मंदिर में विराजित भगवान की प्रतिमा में अतिशय देखना चाहते हो तो मंदिरों में भक्तों की संख्या बढ़ाओ उनसे श्रीजी का अभिषेक कराओ और चमत्कार पाओ। जगत पूज्य ने यह भी कहा-गुरु से ज्यादा ताकत गुरु के चरणों की धूल में होती है। जैन धर्म में चरणों की पूजा नहीं चरण चिन्हों की पूजा का विधान है। जो भक्त नहीं बन सकता वह भगवान तो ठीक मंदिर का बागवान भी नहीं बन पाएगा, भगवान बनने के पहले भक्त बनो भगवान बन जाओगे।

# समोसे में निकला मरा हुआ कॉकरोच, युवक ने वीडियो बनाया

### साफ-सफाई और रखरखाव पर सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर में एक युवक ने गरमा गरम समोसा खरीदा। एक टुकड़ा खाते ही उसमें मरा हुआ कॉकरोच दिखाई दिया। युवक ने तुरंत वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। दुकानदार ने कहा कि यह गलती से आ गया होगा और वीडियो बनाना है तो बना लो। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और खाद्य सुरक्षा प्रशासन से की गई है।

घटना सोमवार को चिकमंगलूर चौराहा स्थित श्रम शिविर के पास की है। इंदौर निवासी पीयूष मौर्य बारिश के दौरान यहां रुके और रतलाम नमकीन से समोसा खरीदा। उन्होंने जैसे ही समोसे का एक टुकड़ा खाया, उसमें मरा हुआ कॉकरोच नजर आया। उन्होंने वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। पीयूष के मुताबिक, दुकानदार ने कहा कि कॉकरोच गलती से आ गया होगा। उसने यह भी कहा कि वीडियो बनाना है तो बना लो, इंसान से गलती हो जाती है। इसे जानबूझकर नहीं डाला गया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कुछ देर बहस हुई। इसके बाद दुकानदार ने शिकायत करने की बात कही। पीड़ित ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। समोसे में कॉकरोच मिलने की शिकायत के बाद दुकान में खाद्य सामग्री की साफ-सफाई और रखरखाव पर सवाल खड़े हो गए हैं। बारिश के मौसम में खाद्य पदार्थों के भंडारण और स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी जरूरी होती है। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मामले में कार्रवाई की बात कही है।

# छात्रसंघ चुनाव, मुकाबला होगा त्रिकोणीय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश की कॉलेज राजनीति में अब तक मुख्य मुकाबला भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और कांग्रेस के ठरवक के बीच रहा है। लेकिन इस बार छात्रसंघ चुनाव में पहली बार जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) भी सीधे मैदान में उतरने जा रहा है।

जयस ने प्रदेश के सभी कॉलेजों में उम्मीदवार उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन की ओर से खासतौर पर आदिवासी समाज के युवाओं को उम्मीदवार बनाने की रणनीति तैयार की जा रही है। नौ साल बाद मध्य प्रदेश में छात्र संघ के चुनाव होने जा रहे हैं। जयस की छात्र राजनीति में एंट्री से उन कॉलेजों में चुनावी समीकरण बदल सकते हैं, जहां आदिवासी विद्यार्थियों की संख्या बड़ी है। अब तक इन विद्यार्थियों को अपने साथ जोड़ने के लिए एबीवीपी और एनएसयूआई के बीच मुकाबला रहता था। जयस के सीधे मैदान में आने से पहली बार इन दोनों संगठनों के सामने आदिवासी विद्यार्थियों के बीच अपनी पकड़ बनाए रखने की चुनौती होगी।

जयस की कॉलेज राजनीति में एंट्री का ऐलान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश मुजाल्दे ने रविवार को आदिवासी दिवस के मौके पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जयस अब कॉलेजों में भी विद्यार्थियों की आवाज बनेगा और छात्रसंघ चुनाव में संगठन अपने उम्मीदवार उतारेगा।

जयस छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल बघेल ने बताया कि संगठन पूरे प्रदेश के कॉलेजों में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए जल्द ही कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों से संपर्क अभियान शुरू किया जाएगा।

## 1 करोड़ की धोखाधड़ी में होगी बैंक खातों की जांच

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

डीलर/डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने के नाम पर 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को तो क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब क्राइम ब्रांच की जांच आरोपी के बैंक खातों तक पहुंच गई हैं। टीम बैंक खातों की डिटेल निकाल रही है, ताकि पता चल सके की आखिर इतने पैसों का कहां इस्तेमाल किया। साथ ही आरोपी के बेटे की भी तलाश की जा रही है।

धोखाधड़ी करने वाले आरोपी 74 साल मनोहर लाल पिता स्व.उमाशंकर गुप्ता, जानकी नगर एनएक्स, भंवरकुआं इंदौर को शनिवार को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया। मगर टीम की जांच जारी है।

गुजरात क्षेत्र की डीलरशिप/डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का झांसा देकर 1 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में क्राइम ब्रांच इंदौर ने 74 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोहरलाल गुप्ता पिता स्व. उमाशंकर गुप्ता, निवासी जानकी नगर एक्सटेंशन, भंवरकुआं, इंदौर के रूप में हुई थी।

## आलीराजपुर के हॉस्टल में फंदे पर लटका मिला छात्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

आलीराजपुर जिले के चांदपुर स्थित राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास में रविवार दोपहर 11वीं कक्षा के छात्र धूमेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक छात्र के पास से एक पर्ची मिली है। इस पर्ची में लिखा है, मेरे पूरे शरीर में एक चिट्ठी मिलेगी। ढूंढकर पढ़ना, यह चिट्ठी छिपा मत लेना, नहीं तो मेरी आत्मा को शांति नहीं मिलेगी

## मुक्तिधाम से लौटाया शव, नहीं करने दिया अंतिम संस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

मध्य प्रदेश के आलीराजपुर जिले में आदिवासी समाज के युवक का गांव के मुक्तिधाम में ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार नहीं करने दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मृत्यु से पहले वह ईसाई धर्म के करीब आ गया था। स्वजन ने निजी भूमि पर अंतिम संस्कार किया। आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा शव पर राजनीति की गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम ग्राम खरपाई में गंभीर बीमारी से पीड़ित बोंदर सिंह चौहान (45 वर्ष) की मौत हो गई। अंतिम संस्कार करने जब स्वजन मुक्तिधाम पहुंचे तो ग्रामीण, समाजजन और सरपंच ने विरोध किया।

# नाबालिग को गलत तरीके से छूने का आरोप

### घर के काम के लिए बुलाया था, आरोपी हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पड़ोसी पर काम के बहाने बच्ची को अपने घर बुलाकर गलत तरीके से छूने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

लसूड़िया इलाके में रहने वाली नाबालिग ने बताया कि रविवार को उसकी छुट्टी थी और माता-पिता काम पर बाहर गए हुए थे। घर पर उसके छोटे भाई और बहन थे। दोपहर करीब 3 बजे पड़ोसी खेतसिंह मेहरा ने पत्नी के घर पर न होने का हवाला देकर उसे बर्तन साफ करने के बहाने अपने घर बुलाया।

छात्रा जब काम कर रही थी, तभी खेतसिंह पीछे से आया और उसे गलत तरीके से छूने लगा। जब उसने छात्रा को जोर से पकड़ा तो वह रोने लगी। इसी दौरान बच्ची की आवाज सुनकर परिचित वहां पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी छात्रा पर चिल्लाने लगा। छात्रा ने परिचितों को पूरी घटना बताई, जिसके बाद उन्होंने उसके माता-पिता को सूचना दी।

#### केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया



काम से वापस लौटने पर माता-पिता पीड़िता को लेकर सीधे लसूड़िया थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर खेतसिंह मेहरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com